तापमान

अधिकतम 29.9 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

11 पंडरी, भैंसथान और नरैया तालाब के पास कामकाजी...



12 नहीं छपी किताबें, स्कूलों का खत-पीडीएफ ही...



# ड्रग का ओवरडोज, युवक की मौत, साथियों ने चलती कार से युवक का शव फेंका!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

कबीर नगर थाने के पीछे बन रही नई सड़क पर मंगलवार को चलती कार से एक युवक की लाश फेंके जाने की घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से कार की पहचान कर कार मालिक, दो अन्य युवक तथा एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के हाथ में मंदीप सिंग गुदा हुआ है।

चलती कार से लाश फेंके जाने की सूचना पुलिस को शाम साढ़े पांच बजे के करीब मिली। इसके बाद कबीर नगर थाने के टीआई, फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की ▶▶ शेष पेज 11 पर

### युवक, युवती नशे की हालत में मिले

पुलिस ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, उनमें युवती सहित अन्य दो युवक के नशे की हालत में पाए जाने की बात सामने आई है। तीनों ने क्या नशा किया था, इस बात की जांच कराने उनके ब्लड सैंपल लिए गए हैं। ब्लड सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो पाएगी कि मृतक सहित अन्य तीन ने क्या नशा किया था।

### युवती, कार मालिक सहित तीन से पुलिस कर रही पूछताछ



■ कबीर नगर थाना क्षेत्र की घटना



### कबीर नगर, टाटीबंध सिंथेटिक ड्रग की जद में

एमडीएमए, हेरोइन चिट्टा सहित तमाम प्रकार के सिंथेटिक नशा के लिए कबीर नगर तथा टाटीबंध का एरिया बुरी तरह से बदनाम हो गया है। इस पूरे इलाके में पंजाब के रास्ते सिंथेटिक ड्रग लाकर खपाया जा रहा है। ज्यादतर सिंथेटिक ड्रग ट्रक ड्राइवरों के माध्यम से मंगाकर खपाया जा रहा है। इस एरिया में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने की बात जानकार कह रहे हैं।

### युवती संदिग्ध गतिविधि में शामिल

मंदीप की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के आरोप में पुलिस कार मालिक सहित जिन तीन अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसमें कार सवार युवती के संदिग्ध गतिविधि में शामिल होने की पुलिस को जानकारी मिली है। युवती के आदतन नशेड़ी होने की बात सामने आई है। पुलिस को आशंका है कि कार के अंदर ड्रग का सेवन करते हुए मंदीप ने उत्तेजना में ओवरडोज ले लिया होगा। इसकी वजह से मंदीप की तबीयत बिगड़ गई होगी। इस दौरान कार सवार अन्य लोग डर गए होंगे और मंदीप को अस्पताल ले जाने के बजाय अपने साथ कार में घुमाते रहे होंगे। मौत होने पर चलती कार से मंदीप की लाश फेंककर भाग गए होंगे।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

दिल्ली से पति-पत्नी को लेकर रायपुर पहुंची पुलिस, पूछताछ में मिलेगी और जानकारी

# देखभाल का झांसा दिया और किराये के फ्लैट में लाकर गला रेता, फिर पत्नी के साथ लाश को लगाया ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

किशोर पैकरा हत्याकांड को लेकर कई बातें सामने आ रही हैं। दिल्ली में हिरासत में लिए गए अंकित ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक उसने शनिवार को किशोर की गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने अपनी पत्नी तथा बड़े भाई के प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले दो कर्मियों की मदद से लाश ठिकाने लगाने का काम किया। बॉडी पूरी तरह से डि-कंपोज्ड हो चुकी थी। पुलिस को लाश के तीन से चार दिन पुरानी होने की आशंका है।

किशोर की इंद्रप्रस्थ कालोनी के जिस फ्लैट में हत्या की गई, उस फ्लैट से जुड़े आजू-बाजू के लोगों के अनुसार फ्लैट पिछले तीन माह से खाली था। 19 जून को फ्लैट में एक दंपति रहने के लिए आया। फ्लैट में जो दंपति रहने के लिए आए थे, उस फ्लैट का दरवाजा बाहर से हमेशा बंद रहता था। बीच-बीच में एक दो लोग फ्लैट में आते थे, अंदर दाखिल होने के बाद फ्लैट को भीतर से बंद कर देते थे। रहवासियों के अनुसार फ्लैट में उन लोगों को फ्लैट के अंदर से किसी तरह से कोई गंध का अहसास नहीं हुआ।

### विवादित संपति का केस जिताने का झांसा दिया

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतक किशोर की किसी प्रापर्टी को कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था, इस बात की आठ वर्ष पूर्व किशोर ने सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोर की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। ▶▶ शेष पेज 11 पर



अस्टो कार की डिक्की में रखकर ले गए ट्रंक

हत्या का सनसनीखेज मामला, ट्रंक के अंदर ट्राली बैग में लाश, कैमरे में कैद

### बदबू आने का कारण पूछने पर आरोपियों ने कहा- घरेलू सामान है

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एमबीए की पढ़ाई करने वाला ऐश्वर्य कसार इंद्रप्रस्थ कालोनी के डी-6 में किराए से रहता है। उसने बताया कि सोमवार को वह ट्यूशन पढ़कर लौटने के बाद लिफ्ट में जा रहा था। इस दौरान दो लोगों ने अपने चेहरे में गमछा बांधे एक बड़ा सा ट्रंक लिफ्ट से नीचे उतारकर कार में लोड किया। ट्रंक के अंदर से तरल पदार्थ रिसने की जानकारी प्रत्यक्षदर्शी ने दी है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार ट्रंक के अंदर से रिस रहे तरल पदार्थ से काफी बदबू आ रही थी। ट्रंक से बदबू आने का कारण पूछने पर ट्रंक ले जा रहे लोग घबरा गए। ट्रंक ले जा रहे लोग घरेलू सामान होने की बात कहते हुए जल्दी से कार की डिक्की में ट्रंक लोड कर निकल गए।

### प्रत्यक्षदर्शी ने गार्ड को दी सूचना

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार जब वो लिफ्ट से ऊपर जाने लगा, तब लिफ्ट के अंदर से बदबू आ रही थी। पांचवे माले में पहुंचने के बाद ऐश्वर्य ने ट्रंक ले जाते देखा। इसके बाद ऐश्वर्य वापस नीचे उतरा और गार्ड को कार के अंदर लोड ट्रंक में लाश होने की आशंका जताते हुए शिकायत की। ऐश्वर्य के अनुसार इसके बाद क्या हुआ, इस बात की उसे जानकारी नहीं है।

### भाई की प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले दो कर्मी के हत्या की साजिश में शामिल होने की बात आ रही सामने



### घटना का एक और सीसीटीवी फूटेज सामने आया

लाश को ठिकाने लगाने ले जाने का एक और सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दो व्यक्ति अपने चेहरे को पूरी तरह से नकाब से ढके हुए दिख रहे हैं। दोनों आदमी जिस ट्रंक में लाश रखी थी, उस ट्रंक को लिफ्ट से उतारते दिख रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार लाश को लिफ्ट से नीचे उतारने के बाद एक अन्य आदमी की मदद से तीनों ट्रंक को कार की डिक्की में लोड करते हैं। पास में एक महिला भी खड़ी रहती है। ट्रंक को कार में लोड करने के बाद महिला तथा एक अन्य दो अलग-अलग ई-स्कूटर में कार से आगे निकलकर गए।

### इसलिए लालच बढ़ता गया





किशोर की हत्या के आरोप में अंकित तथा उसकी पत्नी को पुलिस मंगलवार रात 8 बजे की फ्लाइट में दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। दोनों आरोपियों को रायपुर लाने के बाद पुलिस उन्हें गंज थाना स्थित क्राइम ब्रांच के ऑफिस में लेकर गई। अंकित तथा शिवानी से पुलिस के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतक तीन भाई-बहन थे, जिसमें एक बहन की मौत चार से पांच वर्ष पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में हो गई थी। इसके अलावा एक बहन और है, जिनकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। किशोर की मां की मौत तीन वर्ष पूर्व हुई है। किशोर की संपत्ति हड़पने की अंकित द्वारा लंबे अरसे से साजिश रचने की आशंका पुलिस को है। इस हत्याकांड को लेकर एसएसपी आज खुलासा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर अस्पताल में चोरी दो आरोपी पकड़े गए

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में सो रहे मरीज के अटेंडर का बैग, मोबाइल तथा नकदी रकम पर हाथ साफ करने वाले दो बदमाशों को मौदहापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चार दिन पहले घटना के शिकार केवल प्रसाद साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मौसा काआईसीयू में भर्ती किया गया था। वह अन्य रिश्तेदारों के साथ सामने हॉल में सोया था, तभी उसकी बहन का बैग किसी ने पार कर दिया था। एक आरोपी घटना को अंजाम देने के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। इस आधार पर पुलिस ने कचना खम्हारडीह निवासी लोकेश जगत एवं कचना के बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले कल्याण सिंह छुरा को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। इस मामले एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।



### महादेव एप का फरार आरोपी सैफ गिरफ्तार

**रायपुर।** महादेव सट्टा से जुड़े खपराभट्टी आमापारा के सैफ अली उर्फ शोबी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि आरोपी महादेव एप के पैनल से कोलकाता, गुवाहाटी एवं देहरादून में बैठकर ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहा था। इस मामले में झारखंड के 3, एमपी के 2, पंजाब के 1, यूपी के 2, बिहार के 1 एवं छत्तीसगढ़ के 13 सहित कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 112 मोबाइल फोन, 14 लैपटॉप, 4 नग राउटर, 94 नग विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 15 नग विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, 32 विभिन्न बैंकों के बैंक पासबुक, 3 बैंक चेकबुक, 1 नग सिक्योरिटी कैमरा, 4 नग पॉवर एक्सटेंशन बोर्ड तथा सट्टे के पैसों का हिसाब-किताब जुमला कीमती लगभग 55 लाख रुपए जब्त किया गया था।

### आंगन धोने के विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा इलाके में आंगन धोने के विवाद पर महिला की पिटाई करने वाले बिल्लू बंजारे के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बताया जाता है कि पड़ोस में रहने वाली नंदिनी गिलहरे अपने घर के पास सफाई कर रही थी, जिस पर आरोपी को आपत्ति हुई। दोनों के बीच कहासुनी हुई और आरोपी ने महिला से मारपीट कर दी। नंदिनी की शिकायत पर पुलिस ने देवपुरी आमातालाब के पास रहने वाले बिल्लू के खिलाफ कार्रवाई की है।

## 29 को 6 पैसेंजर रहेंगी रद्द सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस कटनी होकर चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

29 जून को रायपुर से बिलासपुर, कोरबा और गेवरारोड की ओर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तकनीकी कार्यों के चलते 6 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

■ चार ट्रेन 3 से 4 घंटे तक विलंब से रवाना होगी, हजारों यात्री होंगे परेशान

रेलवे के अनुसार, रायपुर मंडल के सि लि या री – मांढर सेक्शन में रेलवे ब्रिज नंबर 403 पर स्लैब रिप्लेसमेंट तथा दाधापारा–बिलासपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग कार्य किया जाना है। इसके लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया गया है, जिसके कारण इन रूटों पर पैसेंजर ट्रेनें संचालित नहीं की जाएंगी। इसके साथ ही दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और गोंदिया–बरौनी एक्सप्रेस ▶▶ शेष पेज 11 पर



### ये ट्रेनें रद्द रहेंगी

- 29 जून को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 58201 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 29 जून को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 29 जून को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी।
- 29 जून को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द रहेगी।
- 29 जून को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू रद्द रहेगी।
- 29 जून को गेवरारोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी।

### देरी से रवाना होने वाली ट्रेनें

- 28 जून को दुर्ग से 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 28 जून को अहमदाबाद से 12833 गाड़ी संख्या अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।
- 28 जून को सीएसएमटी से 12859 गाड़ी संख्या सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।
- 28 जून को हावड़ा से 12860 गाड़ी संख्या हावड़ा–सीएसएमटी एक्सप्रेस 03 घंटे देरी से रवाना होगी।
- 28 जून को छपरा से 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 01 घंटे देरी से रवाना होगी।

## डगनिया खदान में बनेगा बहुमंजिला आवासीय कांप्लेक्स, बाजार भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डगनिया खदान बस्ती में नगर निगम बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाएगा। इस आवासीय परिसर में कृष्णा नगर बस्ती में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास और आमापारा के स्वीपर कालोनी प्रभावितों को व्यवस्थापन के तहत आवास मिलेगा। एएचपी परियोजना के तहत केंद्र शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके साथ शीतला मंदिर के सामने सड़क पर लगने वाला डगनिया सब्जी बाजार को यहां शिफ्ट करने की योजना है। जोन स्तर पर निगम ने इसके लिए पूर्व में सर्वे भी कराया है।



■ एएचपी परियोजना के तहत केंद्र सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

नगर निगम जोन 5 स्थित ठाकुर प्यारेलाल वार्ड की कृष्णा नगर बस्ती में रहने वाले करीब 700 परिवारों को कच्ची झोपड़ी की जगह पक्का मकान बनाकर व्यवस्थित किया जाएगा। खदान से लगी इस बस्ती में रहने वालों को बारिश के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन्हें उसी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## साइंस कॉलेज : बीएससी में कटऑफ 92 प्रतिशत, बीसीए में 90 फीसदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

साइंस कॉलेज की पहली मेरिट लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी गई है। हर साल की तरह इस बार भी कटऑफ 90 पार चला गया है। विभिन्न विज्ञान समूहों में अलग-अलग कटऑफ रहे हैं। जूलॉजी-बॉटनी और केमेस्ट्री में कटऑफ 92 प्रतिशत गया है। यह किसी भी विज्ञान समूह का सर्वाधिक कटऑफ है। इसके अलावा बीसीए के कटऑफ भी 90 प्रतिशत चले गए हैं। विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक की 934 सीटें हैं। इसके लिए 6 हजार से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था। 934 सीटों में से बायो ग्रुप की 464 और मैथ्स ग्रुप की 420 सीटें हैं। वहीं बीसीए की सिर्फ 50 सीटें ही हैं। जिन छात्रों के नाम मेरिट लिस्ट में आए हैं, उन्हें 28 जून तक दाखिले लेने होंगे। इसके पश्चात महाविद्यालय प्रबंधन दूसरी मेरिट लिस्ट 30 जून को जारी करेगा।

गौरतलब है कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। ऑटोनॉमस महाविद्यालयों को छूट दी गई है कि वे अपने स्तर पर छात्रों ▶▶ शेष पेज 11 पर

### छत्तीसगढ़ महाविद्यालय पहले ही जारी कर चुका है सूची

■ अन्य कॉलेजों को रविवि आज सौंपेगा आवेदनकर्ता छात्रों के नाम



### अध्ययनशाला में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी

रविवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यहां रविवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर विद्यार्थियों को दाखिले दिए जा रहे हैं। मूल विज्ञान केंद्र सहित कुछ विषयों में दाखिले की प्रक्रिश शुरू कर दी गई है, जबकि कुछ विभागों में छात्र अभी भी प्रवेश परीक्षा के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं।

### रविवि आज देगा कॉलेजों को नाम

ऑटोनॉमस और शासकीय महाविद्यालयों के अलावा जिले के जिन निजी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए होड़ लगी रहती है, उनमें दुर्गा महाविद्यालय, महंत कॉलेज तथा डागा गर्ल्स कॉलेज शामिल है। इन कॉलेजों को रविवि प्रबंधन द्वारा आज उन छात्रों की सूची सौंपी जाएगी, जिन्होंने उक्त महाविद्यालय का चयन किया है। इसके आधार पर कॉलेज बुधवार को मेरिट लिस्ट तैयार करने के पश्चात गुरुवार को सूची जारी करेंगे। जिन छात्रों के नाम सूची में होंगे, उन्हें 8 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। दूसरी लिस्ट 9 जुलाई को जारी होगी।

## लालपुर दुकान में बगैर होलोग्राम-मिलावटी शराब बिक्री मामले में आबकारी विभाग के एडीईओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय शराब दुकान में छापामारी के दौरान बगैर होलोग्राम एवं मिलावटी शराब मिलने तथा नकदी 12 लाख रुपए से अधिक रकम गायब मिलने के मामले में आबकारी विभाग ने इस क्षेत्र के प्रभारी जिला सहायक अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी को निलंबित कर दिया है। वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग के विशेष सचिव ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया है।

*राज्य एवं संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने मारा था छापा*

आबकारी विभाग के राज्य एवं संभागीय उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने 14 जून को लालपुर स्थित कम्पोजिट शराब दुकान में छापा मारा था। इस दौरान दुकान से बगैर होलोग्राम की 34 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब के साथ मिलावटी शराब कैप्टन ▶▶ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### ब्लॉक कांग्रेस ने खाद की कमी को लेकर किया प्रदर्शन

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्र के सोसायटीयो मे खाद बीज की कमी को लेकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से पदाधिकारी एवं किसानो का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन किसानो को खाद बीज की उपलब्धता के लिए सौपा जा रहा है। इसी कड़ी मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वाधान मे ग्राम तामासिवनी एवं टीला की सोसायटी मे नारे बाजी के साथ प्रदर्शन कर तत्काल खाद की कमी को दूर कर क्षेत्र के किसानो को सुविधा प्रदान करने करने की मांग की गई। उपस्थित पदाधिकारीयो ने कहा कि आज पूरा क्षेत्र मे किसान धान बुआई की कार्य मे व्यस्त है। समय की नजाकत को देखते हुए खाद और बीज की आवश्यकता रहती है। घोर लापरवाही के कारण स्थानीय सोसायटीयो के चक्कर काट रहे है। जिससे किसान अपने आप को ठगा एवं छलावा महसूस कर रहे है। कार्यक्रम मे यशवंत साहू (सदस्य जिला पंचायत रायपुर), डामन साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण) आदि उपस्थित थे।

### प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राशि चयनित

**आरंग।** कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा का



परिणाम घोषित हुआ। इसमें गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग से राशि सोनी का चयन हुआ है। राशि सोनी के अभिभावक राजेंद्र सोनी एवं रितु सोनी अपनी पुत्री की इस उपलब्धि पर बहुत प्रसन्न हैं। राशि एक प्रतिभाशाली छात्रा हैं और विद्यालय स्तर पर सदैव प्रवीणता हासिल करती रही हैं।

### चिखली मे शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**आरंग।** ग्राम पंचायत चिखली में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान साल श्री फल एवं चंदन वंदन के साथ किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य गिरिजा पोषण ध्रुव, सरपंच इंदिरा संजय टंडन, पंचगन एवं गांव के प्रमुख नागरिक गण एवं शाला समिति के सभी अध्यक्ष गण प्रमुख रूप से शामिल हुए।

---

### अपराध : उधार में मांगी शराब, नहीं मिला तो घर में घुस कर मारा चाकू

# सिलतरा में बढ़ रहे अपराध से दहशत, शराब दुकान के सुपरवाइजर पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

सिलतरा शराब दुकान के सुपरवाइजर लोकेश साहू पर सोमवार रात उनके किराए के मकान में हुए जानलेवा चाकू हमले ने न सिर्फ उन्हें गंभीर रूप से घायल किया है, इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अपराधी कितने बेखौफ हो चले हैं, और आम नागरिक अपने ही घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। यह वारदात सोमवार रात करीब 10:30 बजे की है। लोकेश साहू अपने किराए के मकान में अकेले थे, तभी ग्राम साकरा के लुकेशश्वर नवरंगे व उनके अन्य साथी अचानक उनके घर में घुस आया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने लोकेश साहू से उधार में शराब मांगी थी। जब लोकेश ने इस मांग को ठुकरा दिया, तो आरोपी ने धारदार चाकू से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लोकेश साहू के शरीर के कई हिस्सों में गहरे घाव आए हैं। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सिलतरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल लोकेश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।





#### पुलिस गश्त की खानापूर्ति और सरकारी शराब दुकानों की असुरक्षा

शराब दुकानों से जुड़े कर्मचारी अक्सर नकदी और शराब के कारण अपराधियों के निशाने पर रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। लोकेश साहू पर हमला इस बात का प्रमाण है कि सुरक्षा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पुलिस ने लोकेश साहू के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 333 , 296, 115 (2) 3(5) आई.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रहे हैं। हालांकि धरसींवा सिलतरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस टीम विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही उसे पकड़ने का दावा कर रही है। यह देखना बाकी है कि इस घटना के बाद पुलिस और सरकार उद्योग नगर साकरा में अपराध पर लगाम लगाने और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाती है।

यह घटना केवल एक व्यक्तिगत हमला नहीं है, बल्कि उद्योग नगर साकरा में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों की भयावह तस्वीर पेश करती है। हाल के दिनों में इस क्षेत्र से चोरी, मारपीट, लूट और अब जानलेवा हमले जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसने ग्रामीणों और निवासियों में जबरदस्त भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की उदासीनता और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता के चलते असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे दिन-दहाड़े या रात के अंधेरे में बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

सोमवार रात करीब 10:30 बजे लोकेश साहू पर हमले की सूचना मिली। तत्काल हमारी टीम मौके पर पहुंची और घायल लोकेश को अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होगी।

**बालेश्वर लहरे**
चौकी प्रभारी सिलतरा

---

## मजदूरों से मारपीट और ठेकेदार पर जानलेवा हमला, 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ग्राम किरना में केबल वायर बिछाने के कार्य के दौरान ठेकेदार और उसके मजदूर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित आशिक मंडल ने नेवरा थाना में शिकायत दर्ज कराई कि वह ग्राम किरना, सिलपट्टी और हथबंदकला में बिजली केबल वायर लगाने के कार्य में ठेकेदार सुनील पटेल के अधीन कार्यरत है। 23 जून को आशिक मंडल अपने एक साथी के साथ ग्राम किरना की ओर पैदल जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 04 पीएफ 0633) में सवार तीन युवक आए और रास्ता रोककर पूछताछ करने लगे। ग्राम किरना का नाम बताने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कहा, ग्राम किरना तुम्हारे बाप का है क्या कहकर मारपीट करने लगे।इसकी सूचना मिलते ही ठेकेदार सुनील पटेल मौके पर पहुंचा। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी को फोन कर बुला लिया और सभी ने मिलकर ठेकेदार और मजदूरों के साथ दुबारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकाल कर सुनील पटेल पर हमला कर दिया जिससे उसकी जांघ में गंभीर चोट आई। सूचना पर नेवरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों हरीश निषाद (23), पूरन यादव (23), दुर्गेश पाल (21), विश्वनाथ यादव (27), और चेतन निषाद (26), सभी निवासी ग्राम किरना को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने यह हमला अपने दो साथियों अजय उर्फ छोटू पाल और छोटू के साथ मिलकर किया। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों के पास से मारपीट में प्रयुक्त एक-एक डंडा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। आरोपियों को भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 191(2) और 191(3) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

## कोसमखुटा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसमखुटा के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हितेन्द्री साहू सरपंच, उपसरपंच हेमकुमारी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच प्रतिनिधि लीलाराम साहू, चंद्रहास टंडन संरक्षक ग्रामीण शिक्षा समिति, देवशरण डोंडेकर अध्यक्ष ग्रामीण शिक्षा समिति, लखन लाल सेन कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर साहू, पप्पू राम साहू अध्यक्ष जनभागीदारी विद्यालय प्रबंधन समिति कोसमखुटा, समस्त पंचगणों व पालकगणों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें कक्षा पहली वह कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश प्रदान कर तिलक लगाकर, मिष्ठान द्वारा मुंह मीठा कराकर विधिवत शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने समस्त छात्राओं को अपने शुभ आशीष भी प्रदान किया। साथ ही साथ उनके द्वारा ग्रामीण पालकों से भी आग्रह किया गया कि शासन द्वारा शिक्षा के लिए प्रदान किए जाने वाले विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शासकीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आगे आना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच हितेन्द्री साहू द्वारा दोनों विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमे सभी विद्यार्थियों को खीर,पुरी आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के समस्त शिक्षकगण अश्विनी साहू प्रधानपाठक, हेमलता साहू, महिमा केरकेट्टा, कन्हैयालाल, दिलेश्वरी तारक, उत्तम सिंग बंजारे व रसोईया गण, माता-पिता आदि उपस्थित थे।

## शाला प्रवेश उत्सव में दिखा उत्साह का माहौल, हुआ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



**धरसींवा।** खूबचंद बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक शाला में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस प्रेरक अवसर पर धरसींवा विधायक एवं पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर ग्राम पंचायत सरपंच रूखमणी साहू ने आत्मीयता से उनका स्वागत किया। विधायक को अपने बीच पाकर नन्हे-मुन्नों के चेहरों पर जो खुशी और जिज्ञासा की चमक थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने अपने प्रेरणादायी शब्दों से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा, प्यारे बच्चों, यह विद्यालय केवल ईंट-पत्थर से बनी इमारत नहीं है, बल्कि यह आपके सपनों को पंख देने वाला पवित्र मंदिर है। शिक्षा वह अनमोल धन है, जिसे कोई आपसे छीन नहीं सकता।

जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर ,जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा बंजारे, शाला विकास समिति अध्यक्ष अशोक साहू, अभिषेक चक्रधारी, पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, पूर्व सरपंच सखा राम खूंटे, कैलाश सिंघल, मोहम्मद याकूब ,चंद्रकांत साहू, बासु सहित ग्राम पंचायत के पंच व ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## तिल्दा नेवरा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मना, जनप्रतिनिधियों ने दिया प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



मंगलवार को तिल्दा के शासकीय बांस टाल स्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बांस टाल स्कूल के प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं हमुकलानी शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। वहीं इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा सभापति रानी सौरभ जैन, भाजपा नेता राम पंजवानी , वार्ड की पार्षद किरण बाला नायक, सभापति ईश्वर यदु, सभापति संतोष बल्ला यादव, पार्षद ज्योति नागवानी, बीएनबी स्कूल के प्राचार्य राजेश चांदनी आदि उपस्थित हुए। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि मेरा सौभाग्य है मैं इसी विद्यालय में कक्षा पहली से पढ़ाई की हूं उन्होंने स्कूल की पीने के पानी की समस्या और बरसात में स्कूल में पानी निकासी की समस्या के लिए आश्वासन दिया, सभापति रानी सौरभ जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की छात्र-छात्राओं के पढ़ाई लिखाई के मामले में किसी भी तरह का कोई दिक्कत हो तो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं वह हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को चॉकलेट का वितरण भी किया। पार्षद किरण बाला नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि इसी विद्यालय में मैंने पढ़ाई की है और आज अतिथि के रूप में इस विद्यालय में उपस्थित हूं, राम पंजवानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ईश्वर यदु सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। प्रधान पाठक विनोद वर्मा ने आभार व्यक्त किया, वहीं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया गया, मिठाई खिलाई गई साथ ही कापी पुस्तक का वितरण भी किया गया, सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा पेन का भी वितरण किया गया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं पालक गण छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। आभार व्यक्त शिक्षक भागीरथी पांसे द्वारा किया गया।

---

## खोरपा में सतनामी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह, 70 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मानित



**अभनपुर।** उपतहसील परिक्षेत्र खोरपा सतनामी समाज अध्यक्ष लक्षवीर बांधे के नेतृत्व में परिक्षेत्र स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का खोरपा मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे अतिथियो द्वारा कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के प्रवीण्यता प्राप्त 70 छात्र छात्राओं सहित 50 विशेष उपलब्धियां प्राप्त व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों व सामाजिक जनों को स्मृति चिन्ह, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जपं. अध्यक्ष चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे, विशेष अतिथि जिपं. सदस्य पूजा लोकमणी कोसले, जिपं.अन्नुतारक, पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, सतनामी समाज तहसील अध्यक्ष परिक्षेत्र अभनपुर राधाकृष्ण टंडन, जनपद सदस्य नंदनी महेन्द्र खुटियारे, रानी मनोज सोनवानी, हिमांशु खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों ने समाज के लिए आवश्यक विभिन्न विषयों पर अपना विचार देते सामाजिक व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही। इस दौरान मनमोहन कुर्रे, जितेन्द्र कुर्रे, संजय कुर्रे, खिलावन जोशी, कमलेश बांध, मोहन बंजारे, अरूण हरवंश, चंद्रकांत चेलक, सूर्यकांत चेलक, मनोज टंडन, गौतम बांधे, हेमलाल मार्कंडेय नेहा कुर्रे, नीता चेलक, सरस्वती बघेल, कुन्ती बांधे, मुंगेश्वरी मार्कंडेय, सुरेखा ओगरे, सुनीता बांधे, संतोषी बंजारे सहित परिक्षेत्र के 21 गांवों के सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## अभनपुर सीआरपीएफ मुख्यालय में 251 पौधों का किया गया रोपण



**अभनपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पलौद स्थित मुख्यालय परिसर में मंगलवार विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में भू संरक्षणम फाउंडेशन के सहयोग से कुल 251 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह पर्यावरणीय पहल सीआरपीएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी एनके सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। श्री सिंह ने जवानों को प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए हर पोस्टिंग स्थल पर पौधारोपण का संदेश दिया और पौधों की देखरेख के लिए जैविक खाद एवं नियमित सिंचाई पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि स्वयं वनस्पति विज्ञान के छात्र होने के नाते उनका प्रकृति से विशेष जुड़ाव है। भू संरक्षणम फाउंडेशन के संस्थापक पवन तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सीआरपीएफ जवान देश की रक्षा करते हैं, उसी तरह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करें। अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में असिस्टेंट कमांडेंट नीरज कुमार, प्रेमवीर सिंह एवं संजय कदम ने जवानों को एक पौधा मां के नाम, एक पौधा छत्तीसगढ़ महतारी के नाम का संदेश देकर पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

## गुदगुदा में अवैध रेत खनन भण्डारण धड़ल्ले से जारी



**आरंग।** महानदी के किनारे बसे ग्राम गुदगुदा में रेत का अवैध उत्खनन और भंडारण धड़ल्ले से चल रहा है। यहां रोज रात के अंधेरे में चैन माउंटेन मशीन से बेहिसाब रेत निकाला जा रहा है। साथ ही गांव के शासकीय जमीनों पर सैकड़ों वाहन रेत का अवैध भंडारण किया गया है। लगातार कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाने वाली खनिज विभाग की नजर गुदगुदा रेत खदान पर अभी तक नहीं गई है, जिसके कारण से विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है। खनिज विभाग पर सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि गुदगुदा रेत खदान से कुछ ही दूरी पर बेनीडीह है, जहां बीते दिनों रेत के अवैध खनन पर विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी, लेकिन गुदगुदा रेत खदान पर अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं होने से गुदगुदा रेत खदान में किसी रसूखदार व्यक्ति की संलिप्तता की बात कही जा रही है। ज्ञात हो कि गुदगुदा रेत खदान आरंग-खरोरा मुख्यमार्ग से मात्र दो किमी की दूरी पर स्थित है, गुदगुदा रेत खदान को प्रशासन की स्वीकृति नहीं मिली हैं। खदान में महानदी के भीतर रैम बनाए गए है, जिससे रोजाना रेत का उत्खनन हो रहा है। माफिया रात भर खनन के बाद सुबह होते ही खनन में उपयोग होने वाले चैन माउंटेन मशीन और हाइवा वाहन को खदान से कुछ ही दूर पर छिपा कर रख देते हैं।

---

### उरला अभनपुर स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



मिडिल स्कूल बड़े उरला अभनपुर में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद नीलकमल गिलहरे एवं विशिष्ट अतिथि रत्न लाल गिलहरे, एचएल गिलहरे, बीबी वर्मा, बीएस ठाकुर, इतवारी राम बघेल, शाला प्रबंधन समिति रामदास मिरी मौजूद रहे। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत टीका, मिष्ठान व गणवेश वितरण से किया गया। कक्षा 8वीं के मेधावी छात्र व बाल केबिनेट सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।पार्षद श्री गिलहरे ने स्कूल के लिए शीघ्र खेल मैदान निर्माण की जानकारी दी। सभापति सुशीला हरवंश की उपस्थिति में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोज परोसा गया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण, पुस्तक भेंट, सांस्कृतिक प्रस्तुति सहित शिक्षकों, पालकों व विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। संचालन पुरणेन्द्र पाल व आभार प्रेमलता साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर एकलव्य साहू,इंदुप्रभा साहू,प्रमिला वाद्यक,भारती अंसारी, आरती यादव, विजयलक्ष्मी फरिकर, फुलमनी माहेश्वरी सहित पालकगण उपस्थित रहे।



#### गोढ़ी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया

**मंदिर हसौद।** आयुर्वेदिक ग्राम पंचायत गोढ़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी वितरण किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत गोढ़ी के सरपंच नेहा सोनवानी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि हीरा दास वैष्णव, समिति के सदस्य गण शंकर बारले ,जीतू देवांगन, खंभन वर्मा केवल यादव, धर्मेंद्र सेन, शीतला बैस, देवनंदन बैस, उप सरपंच राजेश वर्मा, प्राचार्य एस आर घृतलहरे, राजेश्वरी शर्मा, ममता सिंह सुनीता पांडेय, अनामिका, शेखर, डॉक्टर प्रभा कौशिक, गिरधारी कुर्रे सरिता वैश्य, शिखा ध्रुव, प्रमोद साहू, मुनेश कुमार नेताम ओपी घृतलहरे अन्य ग्राम वासी सम्मिलित हुए ।

### बेंद्री की होटल में गांजा और शराब बेचते युवक पकड़ा गया

**धरसीवां।** सीएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशन और सीएसपी उरला पूर्णिमा लांबा के मार्गदर्शन में मंगलवार दोपहर उरला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बेंद्री में स्थित उस चाय-नाश्ते की होटल को छापामार कार्यवाई किया, जहां अवैध रूप से गांजा और अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही थी। यह कार्रवाई तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे की मौजूदगी में टीआई उरला वी.एल. चंद्राकर और पुलिस टीम द्वारा की गई। इससे पहले, 20 जून को मुखबिर की सूचना पर उरला थाना क्षेत्र के ग्राम बेंद्री स्थित उक्त होटल में पुलिस ने छापा मारा था। इस दौरान होटल संचालक युवराज निषाद (पिता मैकू निषाद, उम्र 19 वर्ष, निवासी बेंद्री) को गांजा और शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 21 पुड़िया (कुल 65 ग्राम) अवैध गांजा और 50 पव्वा अंग्रेजी शराब (ब्रांडः गोवा) बरामद किए थे। इस मामले में आरोपी के खिलाफ

## नपा कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नहीं, 1 जुलाई से हड़ताल पर जाएंगे



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका के नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों को पिछले चार माह (मार्च से जून) का वेतन अब तक नहीं मिला है, जिससे वे गहरे संकट में हैं। कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को लिखित शिकायत देकर अपनी परेशानी बताई है। उन्होंने कहा है कि वेतन न मिलने के कारण उन्हें परिवार का भरण-पोषण करने और बच्चों की स्कूल फीस व कॉपियां-किताबें खरीदने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उन्हें 31 जून तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे सभी 1 जुलाई से हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत की पावती भी नगर पालिका के आवक-जावक विभाग से प्राप्त कर ली है। गौरतलब है कि वर्तमान में तिल्दा नेवरा नगर पालिका की स्थिति काफी दयनीय है। एक ओर पूरे शहर में साफ-सफाई का बुरा हाल है और वार्डों में नालियां जाम पड़ी हैं, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों को महीनों से वेतन न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान मामले में नगर पालिका के सीएमओ अनीश कुमार ठाकुर से बात करने पर उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को लगभग 3 माह के वेतन का भुगतान अतिशीघ्र कर दिया जाएगा।

# पायलट ने किया दावा- हमारे नेताओं को भाजपा ने दिया लालच, समय आने पर करेंगे खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा डराने की रणनीति और राजनीति पर काम कर रही है। पहले वह लोगों को लालच देती है, उसके बाद डराती है। अपनी राजनीति को साधने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ यह खेल भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एकजुट हैं। कांग्रेस को बीजेपी से किसी तरह का डर नहीं है। भाजपा जिस तरीके की राजनीति कर रही है, वह आज तक की लोकतांत्रिक राजनीति में हुआ नहीं है। उन्होंने कहा, पहले कांग्रेस नेताओं को लालच दिया जाता है। अगर वह नहीं मानते हैं, तो उन पर केस कर दिया जाता है। यह पूछे जाने पर की कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के ऐसे कौन-कौन से नेता हैं, जिन्हें भाजपा ने प्रलोभन दिया। उन्होंने इस पर कहा कि उसकी लिस्ट हमारे पास मौजूद है। समय आने पर उसका खुलासा करूंगा।

### पूरी तरह फेल छत्तीसगढ़ सरकार

सचिन पायलट ने कहा, दो दिनों से हम यहां बैठक कर रहे हैं। सभी नेताओं से हमने फीडबैक लिया है। जो फीडबैक हमें मिला है उसके आधार पर हम आगे की रणनीति बनाएंगे। बैज की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन ने कई बड़े आंदोलन किए है। उन्होंने कहा, आज से डेढ़ साल पहले जनता से जो वादा करके छत्तीसगढ़ की सरकार बनी थी, वह एक भी वादा पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की सरकार पूरी तरह फेल है। अपनी पीठ थपथपाने के लिए केंद्र के नेताओं को बुलाती है और उनसे अपनी उपलब्धियां गिनवाती है। प्रदेश प्रभारी ने कहा, उनके काम की एक भी उपलब्धि जनता के बीच नहीं है। यही वजह है कि जनता के बीच जाने से यह कतराते हैं।

■ नेताओं से हमने फीडबैक लिया, उसके आधार आगे की रणनीति बनाएंगे



### किसानों की अनदेखी का आरोप

सचिन पायलट ने कहा, धान की बोआई का समय आ गया है। किसान परेशान है, लेकिन बीजेपी किसानों के लिए खाद का इंतजाम नहीं कर पा रही है। भाजपा ने यह मान लिया है कि किसान कांग्रेस के वोट बैंक है, इसलिए किसानों के लिए यह लोग काम नहीं कर रहे हैं।

### लॉ एंड ऑर्डर फेल होने का आरोप

सचिन पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लॉ ऑर्डर की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां पर लोगों को सुरक्षा देने में भाजपा की सरकार पूरी तरह फेल है। रायपुर राजधानी में एक महीने में 12 बार से ज्यादा गोली चलने की घटना हो चुकी है। अपराधी बेलगाम हैं। सरकार उन पर कोई काम नहीं कर रही है। बयानों में सरकार के काम का चल रहे हैं, इससे ज्यादा एक भी काम यहां पर सरकार नहीं कर रही है।

**सबसे बड़ा मुद्दा मंदिर मस्जिद :** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, भाजपा के पास बताने के लिए जब कोई जवाब नहीं रहता है। उनका सबसे बड़ा मुद्दा मंदिर मस्जिद हो जाता है। उनकी राजनीति फिर इस मंदिर मस्जिद पर जाकर सिमट जाती है। भेदभाव की राजनीति बंटवारे की राजनीति भाजपा का एजेंडा बन जाता है।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री जोशी से की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी से सौजन्य भेंट की।

### एमएसएमई को ऋण देने की प्रक्रिया हो सरल



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को समिति के अध्ययन दौरे के तहत मुंबई में कई महत्वपूर्ण बैठकों और स्थलीय निरीक्षणों में भाग लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष संजय जायसवाल, सांसद नवीन जिंदल समेत अन्य सदस्य, विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इसकी सहायक कंपनियों के कार्य संचालन की समीक्षा विषय पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), इस्पात मंत्रालय और महाराष्ट्र राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की।

### डीईओ को कांग्रेस नेता विकास ने भेजा मानहानि का नोटिस

**रायपुर।** प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में हजारों छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं मिलने के मामले में रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी किया गया था। ये कार्रवाई कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विकास तिवारी की शिकायत पर की गई थी। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडेय ने इसके बाद मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल रायपुर को पूरे मामले की वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हुए तथ्यात्मक जानकारी भेजने के निर्देश दिए थे। पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय खंडेलवाल ने कहा था कि पैसों की उगाही के लिए उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। अब ये मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंच सकता है। दरअसल, कांग्रेस नेता और प्रवक्ता विकास तिवारी ने अपने वकील के माध्यम से खंडेलवाल की प्रतिक्रिया पर मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने 7 दिनों के भीतर खंडेलवाल से लिखित में माफीनामा और आरोपों की सफाई मांगी है।

### विप्र बच्चों के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम 29 को

**रायपुर।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक बैरन बाजार के ऑडोटोरियम हाल में 29 को ब्राह्मण समाज के बच्चों के लिए कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में समाज के बच्चों को समाज के ही उच्च पदों पर आसीन विद्वानों, मनीषियों द्वारा कैरियर से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम विप्रजन कल्याण एकता समिति रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा होगा। संस्था के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि अभी तक 80-85 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और अभी रजिस्ट्रेशन शुरू है। ये प्रोग्राम निशुल्क है। इस कार्यक्रम के संयोजक सतीशचंद्र मिश्रा, प्रमोद पांडेय, अभिषेक मिश्रा से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 27 जून है।

### पुराने सोलर प्लांट वाले टीओडी बदलने से भी परेशानी में, आयोग में लगाई है याचिका

# पॉलिसी में खामियां, उद्योग नहीं लगा पा रहे सोलर प्लांट, 300 मेगावाट के उत्पादन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में सोलर प्लांटों को बढ़ावा देने का काम हो रहा है, लेकिन अपने राज्य में सोलर प्लांट के लिए बनी पॉलिसी में खामियों के कारण यहां पर उद्योगों को सोलर प्लांट लगाने में परेशानी हो रही है। जहां एक तरफ मिनी स्टील प्लांटों ने ही 200 मेगावाट के प्लांट लगाने की योजना तैयार करके रखी है, वहीं एमएसएमई भी करीब सौ मेगावाट के प्लांट लगाने की तैयारी में है। सबको पॉलिसी की खामियां दूर होने का इंतजार है। इधर अभी नई पॉलिसी तो नहीं बनी है, लेकिन यह बात सामने आ रही है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने टाइम ऑफ डे (टीओडी) में जो बदलाव किया है, उससे जहां पहले से चल रहे सोलर प्लांटों को बड़ा झटका लगा है, वहीं नए सोलर प्लांट लगाने वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। सोलर प्लांट संचालकों ने इसके खिलाफ बिजली नियामक आयोग में याचिका भी लगाई है। इस पर अब सुनवाई होने वाली है। इस सुनवाई में अगर पहले जैसा टीओडी नहीं किया गया, तो यह तय है कि उद्योगों की सोलर योजना को बड़ा झटका लग सकता है।

बिजली के लिए पॉवर कंपनी ने टीओडी बनाकर रखा है। पहले इस टीओडी में सुबह 6 से लेकर शाम के 6 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जाता था। शाम के 6 से लेकर रात के 11 बजे को पीक आवर माना जाता था। रात के 11 से लेकर सुबह 6 बजे तक के समय को ऑफ पीक माना जाता था। लेकिन अब इसको बदल दिया गया है। अब सुबह 9 से लेकर शाम को 5 बजे तक को ऑफ पीक कर दिया गया है। इसी तरह से शाम 5 से लेकर 11 बजे तक के समय को पीकआवर और रात के 11 से लेकर सुबह के 9 बजे तक के समय को सामान्य समय माना जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार



### नहीं हो रहा बिजली का पूरा उपयोग

सोलर प्लांट संचालकों का कहना है कि पहले दिन का समय सामान्य होने के कारण दिन और रात में बिजली का पूरा उपयोग हो जाता था। लेकिन अब इसका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि रात की बिजली में सोलर की बिजली को एडजस्ट नहीं किया जा रहा है। बची हुई बिजली व्यर्थ जा रही है। सोलर से जितनी बिजली बनती है, उसको बिजली बिल के साथ एडजस्ट करते हैं। लेकिन दिन की खपत में ही इसको एडजस्ट किया जा रहा है, रात की खपत में एडजस्ट नहीं कर रहे हैं, क्योंकि रात के समय में पीक आवर रहता है।

### उद्योगों को भी डबल झटका

प्रदेश में उद्योग 24 घंटे चलते हैं। ऐसे में उद्योगों को रात में 20 फीसदी सस्ती बिजली मिल जाती थी, लेकिन अब रात में पीक आवर होने के कारण रात की बिजली 20 फीसदी तक महंगी हो गई है। इसी के साथ जिनके पास सोलर प्लांट हैं, उनकी दिन की बची बिजली को रात की खपत में एडजस्ट नहीं किया जा रहा है, इससे उद्योगों को डबल झटका लग रहा है। राजधानी के मिनी स्टील प्लांट से लेकर अन्य उद्योगों का कहना है कि वैसे ही बिजली महंगी है और फिर से नए सत्र में बिजली के महंगे होने की संभावना है ऐसे में टीओडी के कारण और परेशानी हो रही है।

### पॉलिसी ठीक होगी तो लगाएंगे

*देश के कई राज्यों अच्छी पॉलिसी होने के कारण वहां पर उद्योग सोलर प्लांट लगा रहे हैं, अपने यहां पॉलिसी ही सही नहीं है। ओपन एक्सेस, विलिंग और बैंकिंग शुल्क लगा दिया गया है। टीओडी भी बदल दिया है। अगर पॉलिसी ठीक की गई तो 200 मेगावाट के प्लांट लगाने की तैयारी है।*

**- मनीष धुप्पड़**
महासचिव
मिनी स्टील प्लांट

### सब्सिडी भी दें

*छोटे उद्योगों एमएसएमई को सब्सिडी भी दें और पॉलिसी सही कर दें तो छोटे उद्योग पांच-पांच मेगावाट के कई प्लांट लगा देंगे। ऐसे में सौ मेगावाट से ज्यादा के हमारे प्लांट लग जाएंगे।*

**- अश्विन गर्ग**
अध्यक्ष
उरला एसोसिएशन

### जारी हुआ आदेश

# नक्सल हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को किसी भी विभाग में अनुकंपा का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सल हिंसा में शहीद होने वाले पुलिस सेवकों के परिजनों को किसी भी सरकारी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया था। दूसरी ओर सामान्य अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में भी एक अलग आदेश जारी किया गया है।

### बलिदानी पुलिस परिवार के लिए आदेश

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नक्सल हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने से संबंधित आदेश से शासन के सभी विभागों, छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त और सभी कलेक्टरों को अवगत कराया है। आदेश में कहा गया है कि नक्सल हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य(महिला या पुरुष) को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा किसी अन्य विभाग में या राज्य के किसी भी जिला संभाग में अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी।

### ये जानकारी देनी होगी

क्या प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रकरण के संबंध में अनुकंपा नियुक्ति निर्देशों के तहत परीक्षण कर लिया गया है? क्या नस्ती के साथ प्रकरण की सुस्पष्ट संक्षेपिका संलग्न है? क्या आवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो नस्ती में संलग्न है? क्या विचाराधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण 05 वर्ष के भीतर है? (दिवंगत शासकीय सेवक के मृत्यु तिथि से गणना की जाये) क्या आवेदक, अनुकम्पा नियुक्ति निदेश-2013 की कंडिका (5) एवं (6) में उल्लेखित अनुसार दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार का सदस्य है? क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र धारक है? क्या आवेदक की आयु विभागीय भर्ती नियमानुसार निर्धारित सीमा के भीतर है? क्या दिवंगत शासकीय सेवक के परिवार में कोई अन्य सदस्य पूर्व से शासकीय सेवा में है? (आश्रित सदस्य में विवाहित पुत्र-पुत्री, पुत्रवधु भी शामिल है) दिवंगत शासकीय सेवक के सेवा पुस्तिका में आवेदक का नाम इंद्राज नहीं होने की स्थिति में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वारिसान, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र संलग्न है? आवेदक को अनुकम्पा नियुक्ति देने हेतु आश्रित सदस्य आपस में सहमत है? शपथ-पत्र संलग्न किया जाये। निर्धारित सीमा अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पद (सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी का निम्नतम पद अथवा चतुर्थ श्रेणी) उपलब्ध है? क्या प्रकरण में प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त है? इसी आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग ने साफ किया है कि एक बार अनुकम्पा नियुक्ति मिलने के पश्चात पद परिवर्तन का प्रावधान नहीं है, अतः इस प्रकार के मामले सामान्य प्रशासन विभाग को अभिमत के लिए न भेजे जाएं।

# फीडरों का ऐसा बुरा हाल, गांवों से राजधानी तक के उपभोक्ता बिजली गुल से बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार एक तरफ प्रदेश की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने में लगी है, तो दूसरी तरफ कुछ विभागों के अधिकारी ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में लगे हैं। इस समय सबसे ज्यादा जनता को बिजली विभाग से शिकायतें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से 55 सौ फीडर हैं। इन फीडरों में से ज्यादातर का ऐसा बुरा हाल है कि लगातार बिजली गुल होने से उपभोक्ता बेहाल हो गए हैं। गांवों की तो बात ही छोड़ दें राजधानी रायपुर में ही शहर के ज्यादातर हिस्सों में फीडरों से रोज दो से चार बार बिजली का बंद होना आम बात हो गई है। प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं होगा, जहां के उपभोक्ताओं की बिजली बंद होने की शिकायत नहीं होगी। फीडरों से बिजली बंद क्यों होती है इसका कोई भी संतोषजनक जवाब पॉवर कंपनी के अधिकारियों के पास नहीं है। पॉवर वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर का कहना है, लगातार मेंटेनेंस का काम हो रहा है। कहीं कोई परेशानी होगी तो उसको भी ठीक कर देंगे। प्रदेश भर में पॉवर कंपनी द्वारा फीडरों को साल में तीन से चार बार मेंटेनेंस के नाम पर चार से छह घंटों के लिए बंद किया जाता है। इसके बाद भी इन फीडरों में रोज खराबी आना आम बात है। जब फीडरों को मेंटेनेंस के नाम पर बंद किया जाता है तो आखिर ऐसा क्या मेंटेनेंस होता है जो कई बार मेंटेनेंस करने वाले ही दिन या फिर दूसरे दिन फिर से फीडर में खराबी आ जाती है।


**राजधानी के फीडरों का हाल भी बुरा :** राजधानी रायपुर के फीडरों का भी हाल बहुत बुरा है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां के फीडर आए दिन रोज दो से चार बार बंद नहीं होते हैं। इसका भी कोई समय नहीं है। कभी रात को 12 बजे, कभी 3 बजे तो कभी अल सुबह पांच बजे, कभी सुबह को 8 बजे, तो कभी दोपहर को तीन बजे बिजली गुल हो जाती है।

हरिभूमि सरोकार

### कहीं समस्या है तो उसका समाधान करेंगे

लगातार फीडरों का मेंटेनेंस करके उनको ठीक करने का काम किया जा रहा है। अगर कहीं कोई समस्या है तो उसकी जानकारी लेकर उसको भी ठीक करने का काम करेंगे।

**- भीम सिंह कंवर**
एमडी, पॉवर वितरण कंपनी




# ग्राम टीला में 2, भुरका में 3.73 हेक्टेयर चना बोया, जांच टीम के निरीक्षण में दोनों गांव के 18 किसानों को ही बांटा बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अभनपुर विकासखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) योजना के तहत चना बीज वितरण में फर्जीवाड़ा के मामले में राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि टीला-चंपारण, भुरका-तोरला ग्रामों में 50-50 हेक्टेयर में चना बीज उत्पादन का प्रदर्शन करना था, लेकिन बीज वितरण में बड़ा फर्जीवाड़ा होने से इन ग्रामों में से टीला व थोथीडीह में मात्र 2 हेक्टेयर और ग्राम भुरका में 3.73 हेक्टेयर खेत में ही चना बोया गया था। जांच रिपोर्ट में इसका उल्लेख है। सूत्रों के अनुसार इधर दूसरी ओर फर्जीवाड़ा करने वाले तोरला क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी मिथलेश कुमार साहू एवं टीला क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी विनय कुमार सिंह ने फर्जी रिपोर्ट तैयार कर 80 प्रतिशत से ज्यादा बीज का वितरण और उत्पादन प्रदर्शन होना बताया है, लेकिन वास्तविकता में टीला और भुरका ग्रामों में कुल 5.73 हेक्टेयर उत्पादन के लिए ही बीज बांटा गया है।

हरिभूमि फॉलोअप



### फर्जीवाड़ा को छिपाने ऑनलाइन में नहीं चढ़ाया

जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ग्राम टीला, थोथीडीह एवं भुरका में निःशुल्क चना बीज वितरण तथा उत्पादन फसल प्रदर्शनी की रिपोर्ट को गिरदावरी ऑप्शन के माध्यम से ऑनलाइन चढ़ाई जाती है, लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों ने फर्जीवाड़ा को दबाने के लिए प्रदर्शनी कार्यक्रम की रिपोर्ट मैनुअल में दर्ज की, लेकिन ऑनलाइन चढ़ाई नहीं गई थी। पटवारियों ने जब खेतों में चना उत्पादन का भौतिक सत्यापन किया, तब पता चला कि इसकी ऑनलाइन एंट्री नहीं हुई है। हालांकि जांच के दौरान गिरदावरी प्रोग्राम का आप्शन बंद था, इस कारण उस समय भी यह रिपोर्ट ऑनलाइन नहीं की जा सकी।

### कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

अभनपुर विकासखंड में चना बीज वितरण में लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा हुआ है। इसकी जांच में दो अधिकारी दोषी भी पाए गए है, लेकिन उनके विरुद्ध अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। सामान्य सभा की बैठक में मामला उठाया था, अब जल्द कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**- यशवंत साहू**, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

### कार्रवाई होनी तय

जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारी दोषी पाए गए हैं, इसलिए कार्रवाई होनी तय है। दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच भी होगी, जिसके बाद कलेक्टर मामले में कार्रवाई करेंगे।

**- आर. कश्यप**, जिला अधिकारी कृषि विभाग रायपुर

### फरवरी 2025 में कृषि विभाग को भेजी गई जांच रिपोर्ट

इस फर्जीवाड़ा की शिकायतें आने पर एसडीएम अभनपुर के निर्देश पर ग्राम टीला और भुरका में पटवारियों के माध्यम से चयनित किसानों के खेतों का निरीक्षण कराया गया था। इस निरीक्षण में पटवारियों ने जांच कर इसकी रिपोर्ट तहसीलदार के माध्यम से वरिष्ठ कृषि अधिकारी अभनपुर को सौंपी थी। पटवारियों की जांच में उल्लेख है कि ग्राम टीला में 3 किसान एवं ग्राम थोथीडीह में 1 किसान के यहां कुल 2 हेक्टेयर में चना की बोनी हुई थी। इनका खसरा नंबर 1161/1, 346/1 एवं 153 है। इसी प्रकार ग्राम भुरका में कुल 3.73 हेक्टेयर भूमि पर चना बोया गया था।जांच रिपोर्ट में इस गांव के 14 किसानों को बीज वितरण किया जाना बताया गया है, जिसका खसरा नंबर 127, 128, 534, 534, 534, 594, 594,274, 728, 727, 726, 725, 724, 742 है।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा

# न्यायाधीश की भूमिका केवल प्रशासनिक और न्यायिक नहीं, नैतिक दायित्व भी होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ जिला न्यायालय स्तर पर न्याय की गरिमा को बनाए रखे

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी बिलासपुर रमेश सिन्हा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य के जिला न्यायालयों में पदस्थ एवं वर्ष 2024 में नवपदोन्नत जिला न्यायाधीशों (प्रवेश स्तर) के लिए ओरिएंटेशन कोर्स (अंतिम चरण) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागी अधिकारियों को उनकी पदोन्नति पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला न्यायालय स्तर पर न्याय की गरिमा को बनाए रखने की अब उन पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक जिला न्यायाधीश की



भूमिका केवल प्रशासनिक और न्यायिक नहीं होती, बल्कि यह एक नैतिक दायित्व भी होता है, जिसमें विवेक, धैर्य और करुणा की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर हाईकोर्ट की न्यायाधीश व छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की अध्यक्ष रजनी दुबे भी उपस्थित रहीं। मुख्य न्यायाधीश ने निरंतर न्यायिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कानूनी दृष्टिकोण को परिष्कृत करने, न्यायिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और अधिकारियों को जटिल कानूनी व मानवीय चुनौतियों से संतुलित एवं ईमानदारी पूर्वक निपटने के लिए तैयार करने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से निष्पक्षता, सहानुभूति और उत्तरदायित्व की भावना से युक्त न्यायिक स्वभाव अपनाने का आह्वान किया, साथ ही समयबद्ध एवं युक्तिसंगत निर्णय देने, न्यायालय में शिष्टाचारपूर्ण आचरण और जन-केंद्रित न्याय प्रणाली की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में न्यायिक कार्यप्रणाली में बदलाव आया है। ई-फाइलिंग, वर्चुअल सुनवाई, डिजिटल अभिलेख और एआई आधारित उपकरणों का उपयोग के लिये भविष्य के लिए तैयार न्यायाधीशों के रूप में आपको न केवल इन परिवर्तनों को अपनाना होगा, बल्कि इन नवाचारों को न्याय की अधिक पहुंच और कुशलता के लिए उदाहरण के रूप में लागू करना होगा।

### न्यायपालिका में प्रदत्त विश्वास की रक्षा करें

उन्होंने सभी प्रतिभागी से कहा कि न्यायिक अध्ययन जीवन पर्यन्त चलता है, और विनम्रता उसका सहचर होती है, कानून की गरिमा और जनता द्वारा न्यायपालिका में प्रदत्त विश्वास की रक्षा करें। यह कोर्स उन्हें केवल कानूनी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अपने दायित्वों को विवेक और गरिमा के साथ निभाने की प्रेरणा और दृढ़ संकल्प भी प्रदान करेगा। यह उल्लेखनीय है कि, जिला न्यायालयों में पदस्थ एवं वर्ष 2024 में नव- पदोन्नत जिला न्यायाधीशों (प्रवेश स्तर) के लिए 23 से 28 जून तक ओरिएंटेशन कोर्स का आयोजन किया गया है। यह ओरिएंटेशन कोर्स नव पदोन्नत जिला न्यायाधीशों की नेतृत्व क्षमता एवं न्यायिक दक्षता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्री एवं न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# राजस्व के सात हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित कलेक्टर ने दिए जल्द निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर जिले में राजस्व संबंधी सात हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली, जिसमें उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि सीमांकन, त्रुटि सुधार, अविवादित नामांतरण, पात्र खसरे का बटांकन जैसे प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी प्रकरण राजस्व कार्यालयों में अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने आरसीसी (राजस्व न्यायालय) और पंचायत स्तर के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को इनका शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए अत्यंत आवश्यक है, यह शासन की प्राथमिकता है।

# बारिश का मौसम आते ही कम हुआ सफर का दौर, सप्ताहभर में साढ़े सात हजार यात्रियों की कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

अहमदाबाद विमान हादसे और बारिश का मौसम आने के बाद सफर करने का दौर कम होने लगा है। विमानतल प्रबंधन के आंकड़ों के अनुसार सप्ताहभर में रायपुर से आवाजाही करने वाले साढ़े सात हजार यात्री कम हो गए हैं। कई राज्यों में होने वाली बारिश की वजह से आने वाले दिनों में इसमें और कमी आने की संभावना है। स्कूल-कालेजों छुट्टियां खत्म होने के बाद सैर-सपाटे का दौर खत्म हो गया है, अब केवल जरूरी कारण होने पर ही लोग दूसरे शहरों की आवाजाही करेंगे।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कुछ समय बाद ही प्रदेश से छुट्टियां मनाने दूसरे राज्य अथवा शहर जाने का दौर शुरू हो गया था। ट्रेनों के असामान्य आवाजाही और समय की बचत के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों ने अपनी यात्रा के लिए विमानों को साधन बनाया था। अब छुट्टियां खत्म हो चुकी हैं और बारिश का मौसम शुरू हो गया, जिसका सीधा असर यात्रियों की संख्या पर हुआ है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से 9 से 15 जून के बीच 60 हजार 283 यात्रियों ने आवाजाही की थी, वहीं 16 से 22 जून को इनकी संख्या 52645 यात्रियों पर ही सिमटकर रह गई थी। यानी सप्ताहभर में कुल यात्रियों की संख्या में लगभग 76 सौ की कमी आ गई है। संभावना इस बात की भी है कि आने वाले दिनों में देश में बारिश की गतिविधि बढ़ेगी, तो यात्री और कम हो जाएंगे। व्यास ट्रैवल्स के संचालक पंकज व्यास ने बताया कि बारिश के दिनों में ट्रैवलिंग का ऑफ सीजन होता है। बरसात में लोग यात्रा करने में असहजता महसूस करते हैं और अगले दो माह तक यात्रियों की संख्या में कमी आ जाती है।

## सैर-सपाटे का दौर छुट्टियों के साथ हुआ खत्म, जरूरी होने पर ही यात्रा

### यात्री के साथ फेयर भी हुआ कम

ट्रैवहल्स सूत्रों के अनुसार यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाले विमानों की संख्या भी कम हो गई है। ऑनलाइन वेबसाइट के मुताबिक अगले चौबीस घंटे में रायपुर से दिल्ली जाने का किराया 65 सौ से 7 हजार, मुंबई की 6 हजार से 66 सौ तथा हैदराबाद का फेयर 45 सौ से 55 सौ के बीच है।



### त्योहारी सीजन में संभावना

रायपुर से राजस्थान समेत विभिन्न शहरों के लिए सीधी उड़ान की आवश्यकता काफी समय से हैं और इसका प्रस्ताव भी एयरलाइंस कंपनियों के बास पेंडिंग है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बारिश के दौरान कोई भी कंपनी नयी उड़ान का संचालन नहीं करती। नयी कनेक्टिविटी त्योहारी सीजन में भी मिलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### जयस्तंभ चौक में कल मनाएंगे काला दिवस

**रायपुर।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी द्वारा जयस्तंभ चौक पर 26 जून को काला झंडा लहराकर दर्जनों कार्यकर्ता काला दिवस मनाएंगे। साथ ही जयस्तंभ चौक पर 50 मोमबत्ती भी जलाई जाएंगी। कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी छसपा किसान मोर्चा के कार्यालय सहायक श्यामू राम सेन ने देते हुए बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा लेकर रैली भी निकाली जाएगा। यह रैली जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर शारदा चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक होते हुए हांडीपारा छत्तीसगढ़ी भवन में समाप्त होगी। इस रैली का नेतृत्व राज्य आंदोलनकारी लोकतंत्र सेनानी जागेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश साहू, गोवर्धन वर्मा, रोहित कुमार साहू, संतोष श्रीवास करेंगे।

### शतचंडी महायज्ञ के लिए कलश यात्रा कल

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित माहामाया मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय 26 से 30 जून तक शतचंडी महायज्ञ एवं सवा लक्ष्य नवार्णजप अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पं. सच्चिदानंद तिवारी के नेतृत्व में किया जाएगा। यह जानकारी बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर के पं. महेश पांडेय ने देते हुए बताया कि इस महायज्ञ के लिए कलश एवं शोभायात्रा 26 जून को सुबह 8 बजे बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर क्षेत्र भ्रमण कर महायज्ञ प्रांगण पहुंचेगी।

### एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**रायपुर।** एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए 8 जुलाई को आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में संचालित एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन एवं प्रवेश पुस्तिका चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के बायोकेमिस्ट्री विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

## केंद्र सरकार की विशेष पूंजीगत सहायता योजना में 48 करोड़ की मिली है मंजूरी

# पंडरी, भैंसथान और नरैया तालाब के पास कामकाजी महिलाओं के लिए बनेगा सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में बाहर से आकर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें आवास के लिए शहर में भटकना नहीं पड़ेगा। शहर में तीन स्थानों पर नगर निगम इन महिलाओं के लिए किफायती दर पर सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए पंडरी के पुराना बस डिपो के पीछे और टिकरापारा स्थित नरैया तालाब के समीप तथा समता कालोनी के भैंसथान वाली जमीन पर 250-250 बेड की क्षमता वाले 3 वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाये जाएंगे। नगर निगम ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया है। 20 जुलाई तक निर्माण एजेंसी तय कर ली जाएगी।

शहर के भैंसथान, पंडरी के पुराने बस डिपो के पीछे और टिकरापारा स्थित नरैया तालाब के पास कामकाजी महिलाओं के लिए महिला छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा। केंद्र सरकार ने विशेष पूंजीगत सहायता योजना के अंतर्गत रायपुर में 3 जगहों पर कामकाजी महिलाओं के लिए महिला छात्रावास बनवाने 48 करोड़ रुपये की मंजूरी नगर निगम को दी है।

250 बेड की क्षमता वाले प्रत्येक हॉस्टल में डबल बेड रूम वाले कमरे में अटैच बाथरूम की सुविधा रहेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अनुबंधित एजेंसी को 18 माह की समय सीमा के अंदर कामकाजी महिलाओं के लिए सर्व सुविधा युक्त हॉस्टल निर्माण करके देना होगा।



### प्रदेश में 6 महिला हॉस्टल के लिए 202 करोड़ मंजूर

केंद्रीय वित्त मंत्रालय की विशेष पूंजीगत सहायता योजना के तहत प्रदेश में 6 महिला हॉस्टल का निर्माण कराने 202 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। इसमें रायपुर नगर निगम के लिए 3 जगह, बिलासपुर नगर निगम को तिफरा और सिरगिट्टी में सीएसआईडीसी द्वारा 224-224 सीटर महिला छात्रावास का निर्माण कराने मंजूरी मिली है। इसी तरह नवा रायपुर अटल विकास प्राधिकरण नवा रायपुर में 1 हजार सीटर कामकाजी महिला छात्रावास बनवाएगी।

### पीपीपी मोड पर संचालन

कामकाजी महिलाओं के लिए बनवाये जा रहे सर्वसुविधा युक्त हॉस्टल का संचालन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप मोड पर होगा। इसके लिए एजेंसी तयह की जायेगी। हॉस्टल में मेस की सुविधा भी रहेगी, ताकि वहां रहने वाली महिलाओं को नाश्ता और भोजन के लिए बाहर न जाना पड़े। ये तीनों हॉस्टल रिहाइशी इलाकों में बनाये जाएंगे, ताकि कामकाजी महिलाओं को आवागमन में सुविधा हो। योजना के मुताबिक हॉस्टल के बाहरी हिस्से में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अलग से स्पेस रहेगा, ताकि वर्किंग वूमन हॉस्टल के संचालन में किसी प्रकार की अड़चन ना आए। इससे नगर निगम को अतिरिक्त आय होगी।

### शहरी सरकार के निगम बजट में है शामिल

महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की पहले निगम बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए किफायती आवास सुविधा को प्रमुखता देते हुए इसे शामिल किया गया है। नगर निगम के तरफ से इसके लिए एक प्रस्ताव बनाकर शासन के पास स्वीकृति और फंड की मांग की गयी थी। शासन से मंजूरी मिलने के बाद कामकाजी महिलाओं के लिए शहर के रहवासी इलाकों में जगह चयनित कर 3 छात्रावास निर्माण कार्य कराने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# मालवीय रोड में कब्जाधारी दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अभियान का दूसरा दिन, 24 दुकानदारों पर 46 हजार रुपए का चालान

शहर के मुख्य मार्ग पर सड़क यातायात बाधित कर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर टीम प्रहरी अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। अभियान के दूसरे दिन निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर मालवीय मार्ग में जयस्तंभ चौक से सिटी कोतवाली चौक तक अभियान चलाया।

मुख्य मार्ग में सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे 24 दुकानदारों पर 46 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गयी। नगर निवेशक आभाष मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम प्रहरी ने जेसीबी मशीन से अवैध शेड और शटर को तोड़कर सुगम आवागमन के मार्ग में आ रही बाधा दूर की। निगम आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर टीम प्रहरी द्वारा शहर के मुख्य मार्गो को कब्जा मुक्त करने अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को मालवीय रोड, गोलबाजार में वीडियाग्राफी करवाकर सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई कर 1 लाख 3 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।



### तेलघानी नाका चौक के समीप अवैध अहाता केंद्र तोड़ा

नगर निगम जोन 2 के अंतर्गत तेलघानी नाका चौक के समीप संचालित अवैध अहाता केंद्र को आबकारी विभाग, तहसीलदार कार्यालय, नगर निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने अभियान चलाकर जेसीबी मशीन से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। यह अभियान जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, उप अभियंता नगर निवेश अंजली बारले और अमित सरकार की उपस्थिति में चलाया गया।



## निधन

### गौरीशंकर राठौर



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी निवासी गौरीशंकर राठौर (90) का निधन हो गया। वे स्व. छगनलाल राठौर के पुत्र और स्व. वृंदावन राठौर, ओमप्रकाश राठौर के भाई तथा नवीन राठौर के पिता थे।

### परमेश्वर लाल अवस्थी



**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी परमेश्वर लाल अवस्थी का 24 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रकाश अवस्थी, सतीश अवस्थी के पिता थे।

# म्यूल अकाउंट के लिए फर्जी सिम, 11 गिरफ्तार सात हजार सिम डिएक्टिवेट कराए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फर्जी सिम का इस्तेमाल नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका जैसे कई देशों में किया जा रहा

ठगी तथा अन्य तरह के आर्थिक अपराधों से प्राप्त आय को ठिकाने लगाने उपयोग में लाए जा रहे म्यूल अकाउंट को लेकर रेंज साइबर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत रेंज साइबर पुलिस ने मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने जिन लोगों को गिफ्तार किया है। उन पर म्यूल अकाउंट खुलवाने फर्जी सिम की व्यवस्था करवाने के आरोप हैं। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार जालसाजों के कब्जे से सात हजार सिम कार्ड जब्त किया गया है। जब्त सिम को साइबर पुलिस डिएक्टिवेट करवाने की प्रक्रिया कर रही है।

पुलिस ने जिन लोगों को फर्जी सिम के साथ गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा सिम लेने या पोर्ट कराने आने वाले ग्राहकों की ई-केवाईसी के नाम पर डबल थंब स्कैन तथा आई-ब्लिंक कर नया सिम एक्टिवेट कर लेते थे। जिन ग्राहकों के पास आधार की फिजिकल कापी होती, उनके नाम से डी-केवाईसी के जरिए अतिरिक्त सिम चालू कर लेते थे। ये फर्जी सिम कार्ड बाद में म्यूल अकाउंट से जुड़े दलालों को बेच दिए जाते थे।



### 500 रुपए में बेचते थे सिम

पूछताछ में पता चला है कि जालसाज एक सिम को 500 रुपए में बेचते थे। वहीं कुछ जालसाज चार हजार रुपए प्रति माह किराए पर सिम उपलब्ध कराने का काम करते थे। जालसाजों द्वारा फर्जी सिम को नेपाल, म्यामांर, श्रीलंका सहित कई अन्य देशों में बेचे जाने की जानकारी मिली है।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

- नितेश कुमार शर्मा (26), करौली, राजस्थान।
- पीयूष पांडे (28), सतना, मध्यप्रदेश।
- हरविंदर भाटिया (37), दुर्ग।
- दिलावर सिंह संधू (23), भिलाई, दुर्ग।
- उदय राम यदु (31), न्यू चंगोराभाठा, रायपुर
- आशीष कलवानी (30), खोखोपारा, पुरानी बस्ती, रायपुर
- चंदन कुमार सिंह (25), भनपुरी, रायपुर।
- सचिन गिरी (21), मोवा, रायपुर
- वैभव साहू (25), कसारीडीह, दुर्ग
- सूरज मारकण्डे (20), कुरूद, धमतरी
- अतहर नवाज (38), मठपुरैना, रायपुर

## पेज 09 के शेष ...

### ड्रग का ओवरडोज...

पड़ताल में जुट गई। लाश की स्थिति देख पुलिस ने आशंका जताई है कि मंदीप की मौत ड्रग का ओवरडोज लेने की वजह से हुई होगी। चलती कार से जब लाश फेंकी गई, तब कार में मंदीप के साथ एक युवती तथा दो अन्य के सवार होने की जानकारी पुलिस को मिली है। जिस कार से लाश फेंकी गई, वह क्रेटा कार जिसका नंबर सीजी 04 पीवाय 1388 है।

पुलिस ने इस मामले में संतोष मिश्रा, साधना अग्रवाल उर्फ भूरी सहित दो अन्य को हिरासत में लिया है।

### देखभाल का झांसा...

बताया जा रहा है, तब अंकित ने किशोर को उसकी प्रापर्टी वापस दिलाने केस लड़ने का झांसा देकर अपने विश्वास में लिया और उसकी संपत्ति अपने नाम कराने साजिश की। आशंका जताई जा रही है, साजिश में नाकाम होने की वजह से अंकित ने किशोर की हत्या की होगी।

### साइंस कॉलेज : बीएससी में...

से आवेदन मंगाकर मेरिट लिस्ट जारी करें, जबकि अन्य महाविद्यालयों के लिए आवेदन पं.रविशंकर शुक्ल विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगाए गए हैं। यही वजह है कि मौजूदा सत्र में रविवि की तुलना में अन्य महाविद्यालयों की मेरिट लिस्ट पहले जारी कर दी गई है। इसके पूर्व बीते सप्ताह छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने भी अपनी मेरिट लिस्ट जारी कर दी थी।

### डगनिया खदान में...

जगह पर सुव्यवस्थित रूप से पक्के आवास बनाकर व्यवस्थापित करने की योजना है। इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण के दौरान आमापारा के स्वीपर कालोनी प्रभावित परिवारों को भी व्यवस्थापन के तहत सुरक्षित आवास मिलेगा।

**पीपीपी मॉडल पर स्वीकृत था प्रोजेक्ट :** सूत्रों के मुताबिक यह प्रोजेक्ट पूर्व में पीपीपी मोड पर स्वीकृत हुआ था। इसके लिए नगर निगम से ऑनलाइन टेंडर हुआ, पर टेंडर में एक भी एजेंसी द्वारा दिलचस्पी नहीं लेने के बाद अब नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को अपने हाथ में लिया है। एएचपी प्रोजेक्ट के तहत प्रस्ताव बनाकर शासन के पासा स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

***एएचपी के तहत भेजा जाएगा प्रस्ताव :*** डगनिया खदान बस्ती की जमीन पर बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाया जायेगा। एएचपी प्रोजेक्ट के तहत भारत सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। साथ ही डगनिया के शीतला मंदिर के सामने सड़क पर लगने वाले सब्जी बाजार को खदान बस्ती वाली जमीन पर शिफ्ट करने की योजना है।

*- अंशुल शर्मा, सीनियर कार्यपालन अभियंता, नगर निगम रायपुर*

### 29 को 6 पैसेंजर...

का मार्ग भी परिवर्तित कर दिया गया है। अब ये ट्रेनें नैनपुर–जबलपुर–कटनी होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी। वहीं, 5 अन्य ट्रेनें निर्धारित समय से देर से रवाना होंगी। रेलवे के इस कार्य से एक ही दिन में हजारों यात्रियों को आवागमन में असुविधा हो सकती है।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेन-** 28 जून को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया गोंदिया-नैनपुर -जबलपुर-कटनी मार्ग होकर छपरा जाएगी।
28 जून को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया - बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नैनपुर -जबलपुर-कटनी मार्ग होकर बरौनी जाएगी।

### लालपुर दुकान में...

क्लब व्हिस्की 95 पेटी, सिंडिकेट व्हिस्की 59 पेटी, जम्मू स्पेशल व्हिस्की 86 पेटी एवं गोवा स्पेशल व्हिस्की 25 पेटी शराब बरामद की गई थी। इस तरह कुल 265 शराब पेटी मिलावटी शराब बरामद हुई थी। इसके अलावा दुकान में शराब बिक्री राशि में से 12 लाख 10 हजार 480 रुपए भी गायब मिले थे।

**घोर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई :** आबकारी विभाग के आदेश में लिखा है कि लालपुर शराब दुकान में गंभीर श्रेणी की अनियमितता की गई है।

इसके लिए इस क्षेत्र के सहायक जिला अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने अपने कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल होने के साथ नियम 1966 के तहत दंडनीय है।

### // सूचना //

(ग्राम- सेजबहार गुलशन वाटिका - II प.ह.न.-82 रा.नि.मं. -रायपुर-18-कांदुल तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि स्वामि हक की परिवर्तित आवासीय स्वीकृत अभिविन्यास भूखण्ड क्रमांक पी-6 खसरा नं.-15001/74 रकबा 0.0139 हे. अर्थात 1500 वर्गफुट के संबंध में)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री पवन कुमार सोनी उम्र 50 वर्ष, पिता-श्री मनहरण लाल सोनी निवासी-5-70/13 मलसाय तालाब के पास, सुमेरू मठ वाली गली, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. पिन नं. - 492001 ने विक्रेता श्रीमती अंतिमा पाण्डेय उम्र-29 वर्ष पति-श्री विपिन चन्द्र पाण्डेय निवासी- एल.आई.जी. -1116 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. पिन नं.- 492015 के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-सेजबहार गुलशन वाटिका- II प.ह.न.-82 रा.नि.मं.- रायपुर-18-कांदुल तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि स्वामि हक की परिवर्तित आवासीय स्वीकृत अभिविन्यास भूखण्ड क्रमांक पी-6 खसरा नं.-15001/74 रकबा 0.0139हे. अर्थात 1500 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन/रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन/रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने ।

स्थान :- रायपुर छ.ग.
दिनांक :-24/06/2025

लकेश्वर चन्द्राकर
अधिवक्ता
कक्ष क्रमांक 109, टेबल नं. 18, प्रथम तल, नयी बिल्डिंग सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 98278 95454

---

पत्र क्रं /19417/ न. पा. नि. जोन क्रं 10/2025
रायपुर, दिनांक 17-06-2025

### // ईश्तहार //

नामंतरण प्र.क्र. 19417

वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651KM3101 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती Harmeet Singh Hora पिता / पति श्री/श्रीमती S/O Gurumukh Singh Hora के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Neelam Pani पिता/पति श्री/श्रीमती W/O Uma Prasanna Pani ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर) जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती नेहा मल्ल पति सचिन कुमार मल्ल ने भूमि स्वामी अंशुल लुनिया पिता ज्ञानचंद जैन पता-ऋषभ रेसिडेंसी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) वाले की स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि परिवर्तित खसरा न. 414/34 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट ग्राम - टिकरापारा प.ह.न.114/70 तह.व जिला-रायपुर (छ.ग.) रायपुर नगर निगम सीमा वार्ड क्र. 53 (पुराना न.46) स्थित है, को रिक्त स्थिति मे क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा बयाना राशि भी अदा कर दिया है, अब शीघ्र ही विक्रय पत्र पंजीयन कराना है।

यह कि उक्त संव्यवहार पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी,बैंक, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय,प्राधिकरण शासकीय या अर्ध शासकीय विभाग या अन्य किसी को भी कोई दावा, आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन से पाँच दिवस के अन्दर मेरे निम्न लिखित पते पर अपना दावा सप्रमाण, सुसंगत दस्तावेज़ सहित लिखित मे प्रस्तुत करें तथा पावती प्राप्त करें।

समय अवधि बाद प्रस्तुत किसी भी दावे पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, तथा मेरा पक्षकार विक्रय पत्र पंजीयन की कार्यवाही सम्पन्न करा लेगा, सो सूचना जाने।

स्थान – रायपुर
दिनांक- 24/06/2025

वास्ते, अधिवक्ता
उत्तमचंद जैन
पता – 18,नवजीवन सोसायटी पचपेड़ी नाका रायपुर (छ.ग.)
मोबाइल न.- 7389531444,
पक्षकार का मोबाईल न. - 9229223650

---

### विक्रय-इकरारनामा

**पक्षकार क्र. 1 विक्रेता:-** अनुपचंद अवधिया, उम्र ... वर्ष, पिता/पति स्व. मूलचंद अवधिया, निवासी अवधिया पारा पुरानी बस्ती तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

**Aadhar No. ..............**

**पक्षकार क्र. 2 क्रेता :-** दिपक गुप्ता, उम्र 37 वर्ष, पिता/ पति स्व. जितेन्द्र प्र. गुप्ता, निवासी मठपुरेना तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

**Aadhar No. 3214 9181 3425**

**सम्पत्ति का विवरण:-**

विक्रेता के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित/ असिंचित भूमि जिसका खसरा नंबर 88/2 रकबा 11517 वर्गफुट/ हे. भूमि वाके मौजा दतरेंगा प.ह.नं. ..... रा.नि.मं. ...... तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। जिसे पक्षकार क्र. 1 विक्रेता ने पक्षकार क्र. 2 क्रेता को विक्रय करने का करार किया है।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोवस, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चेरिया में धूमधाम से मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**रायपुर।** ग्राम चेरिया के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षक बसंत दीवान द्वारा स्वागत भाषण सह विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद अतिथियों ने नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के विद्यार्थियों को चंदन का टीका लगाकर मुंह मीठा कराया। इसी दौरान गणवेश, पुस्तक, पेन वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालकृष्ण शर्मा, विशिष्ट अतिथि सरपंच तृप्ति बल्ला तिवारी, शिक्षाविद बल्ला तिवारी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पद्मिनी ध्रुव, मीना सेन, समस्त पंच एवं सदस्य, पालक के अलावा प्रधान पाठक नारद ध्रुव, शिक्षक लक्ष्मी ठाकुर, राधिका साहू, इंद्राणी चंद्राकर, रवि चंद्राकर आदि शामिल थे।

### डॉ.चौधरी को मिली डीलिट की उपाधि

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. राजीव चौधरी को उनके मौलिक एवं अनुसंधान



आधारित कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डीलिट) की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उन्हें "लैंगिक दृष्टिकोण से सतत विकास पर सहज योग ध्यान के प्रभाव" विषय पर किए गए उनके अनुसंधान कार्य के लिए प्रदान की गई है, जो ध्यान विज्ञान, लिंग अध्ययन और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संगम पर आधारित है। उन्होंने कहा, इस शोध का उद्देश्य सहज योग ध्यान के अभ्यास का प्रभाव जानना था। शोध में छत्तीसगढ़ राज्य के 400 युवाओं को शामिल किया गया, जिन्हें ध्यानाभ्यास करने वाले एवं न करने वाले और पुरुष व महिला वर्गों में समान रूप से विभाजित किया गया।

### ब्रह्माकुमारी ओम राधे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी ओम राधे की 60वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विधानसभा रोड पर स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में एक सादे समारोह में ब्रह्माकुमारी ओम राधे के चित्र पर माल्यार्पण कर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी ओम राधे को सभी ब्रह्मावत्स मातेश्वरी या मम्मा कहकर बुलाते थे। उन्होंने हमारे जीवन को ऊंचा उठाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं बताईं। उनके जीवन में सच्चाई और सफाई का विशेष गुण था। उनका कहना था कि जीवन की हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझकर चलो। इससे अपने कर्मों पर अटेंशन बना रहेगा। इस दौरान वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी किरण दीदी, ब्रह्माकुमारी चंद्रकला दीदी, इति दीदी एवं सौम्या दीदी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# नहीं छपी किताबें, स्कूलों का खत-पीडीएफ ही भेज दीजिए, आपका भला होगा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय विद्यालयों को निशुल्क किताबें मिलने और निजी के लिए वितरण शेड्यूल ही तय नहीं होने से दुखी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने खत लिखकर मांग की है कि उन्हें किताबों की पीडीएफ कॉपी की उपलब्ध करा दी जाए ताकि वे छात्रों का अध्यापन प्रारंभ कर सकें गौरतलब है कि पिछले सत्र में रद्दी में कई टन निशुल्क किताबें बेचे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद जांच कमेटी बैठाई गई थी। मामले की जांच पूरी होने के कारण इस बार तय वक्त पर किताबें प्रकाशन के लिए नहीं भेजी जा सकीं। दिसंबर के स्थान पर मार्च-अप्रैल में किताबें प्रकाशन के लिए भेजी गईं।

पाठ्यक्रम परिवर्तन के कारण पुरानी किताबें प्रयोग में नहीं

सर्वप्रथम हिंदी माध्यम की किताबें छापने का आदेश दिया गया। इनका प्रकाशन पूर्ण होते ही इन्हें शासकीय विद्यालयों में भेजा गया। अंग्रेजी माध्यम किताबों के प्रकाशन में विलंब के कारण निजी विद्यालयों को किताबें नहीं मिल सकी हैं। अधिकतर निजी विद्यालयों में इंग्लिश माध्यम ही लागू है। अब छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा दी जाने वाली निशुल्क किताबों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने का निवेदन किया है।

## केवल शासकीय विद्यालयों को भेजी जा सकी हैं निशुल्क किताबें

### डिपो में भी नहीं पहुंची किताबें

निजी स्कूल संघ ने सीएम को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश में अशासकीय स्कूलों को प्रतिवर्ष पाठ्यपुस्तक निगम निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराता है। इस वर्ष प्रदेश के किसी भी स्कूल को अब तक किताबें उपलब्ध नहीं हो पाई है, स्कूलों को खुले भी अब एक हफ्ते से ज्यादा हो गया है। किताबें अभी तक डिपो भी नहीं पहुंची हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को किताब पहुंचने में कम से कम 15 जुलाई तक समय लगेगा। इस एक महीने में हमारे पास विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए कुछ भी नहीं है। इस दौरान कम से कम हमें स्कूलों किताबों का पीडीएफ ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए ताकि जो स्कूल इन किताबों से पढ़ना चाहते हैं, वे कम से कम शुरुआती पाठ्यक्रम पीडीएफ से पढ़ाना शुरू कर सकें।



### निजी प्रकाशकों की किताबें

निशुल्क वितरण में देर के कारण बहुत से अशासकीय स्कूलों ने निजी प्रकाशक की पुस्तकें भी पढ़ानी शुरू कर दी हैं। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है।

\- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

## सुबह-सुबह हल्की बारिश और दिनभर छाए रहे बादल तापमान 30 डिग्री से नीचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दायरा बढ़ने की बीच मंगलवार की सुबह-सुबह राजधानी रायपुर समेत अनेक इलाके में हल्की बारिश हुई और बादल दिनभर छाए रहे। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर और बीजापुर जिला बारिश का केंद्र रहा है। गहरे बादल छाए रहने की वजह से शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रिकार्ड किया गया। काफी इंतजार के बाद प्रदेश में गुरुवार से बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। इस बीच मंगलवार को राजधानी रायपुर में सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। छाए बादलों को देखकर इस बात की संभावना थी कि यहां झमाझम बारिश हो सकती है मगर ऐसा नहीं हुआ।बादल छाए रहे जिससे अधिकतम तापमान 29.9 दर्ज किया गया और उमस से भी थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले पांच दिन तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर रह सकता है और भारी बारिश सरगुजा संभाग में हो सकती है। पिछले चौबीस घंटे में सबसे अधिक बारिश सामरी, चांदो और कुटरु में 7-7 सेमी. रिकार्ड किया गया। राममानुजगंज में 6, भटगांव, गंगालूर, बिल्हा में 5, जांजगीर, भैरमगढ़, शिवरीनारायण, कसडोल, नारायणपुर, बीजापुर में 4 सेमी. तक बारिश हुई।

- बलरामपुर और बीजापुर जिला रहा वर्षा का केंद्र

## नशे में धुत थे सभी सवार युवक

# आधी रात को कार मल्टीलेवल पार्किंग में घुसी, बेरियर को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपु

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग में आधी रात को एक कार अनियंत्रित होकर घुस गई, जिससे पार्किंग में लगा बेरियर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में चार युवक सवार थे, जो शराब के नशे में धुत थे। इस हादसे के समय पार्किंग में मौजूद गाड़ियों की सुरक्षा के लिए मात्र एक कर्मचारी तैनात था, वह भी चारों युवकों को नशे में देखकर उन्हें कुछ भी बोल नहीं पाया। हालांकि मंगलवार को इस घटना की जानकारी जोन-4 कार्यालय के अधिकारियों को दी गई है, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

पार्किंग कर्मचारियों ने बताया कि घटना रात 1 से डेढ़ बजे के बीच की है। हैरियर एक्सटी सीजी 04 एनजेड 2727 नंबर की कार अनियंत्रित होकर मल्टीलेवल पार्किंग के अंदर आई और बेरियर से जाकर टकरा गई। इस घटना में कार बेरियर क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार के ड्राइवर तरफ के सामने का टायर पंचर हो गया। कर्मचारियों ने बताया कि कार में चार युवक सवार थे जो नशे में धुत थे। चारों युवक मौदहापारा क्षेत्र के आसपास के रहने वाले हैं। कार के मालिक का नाम अब्दुल नासिर खान बताया जा रहा है। घटना के बाद से कार पार्किंग में ही खड़ी है।





### निगम में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

कर्मचारियों ने बताया कि इस घटना की जानकारी सुबह होते ही जोन-4 कार्यालय के अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि रात के समय पार्किंग में एक कर्मचारी तैनात रहता है और अक्सर देर रात को नशे की हालत में कई वाहन सवार पार्किंग में वाहन पार्क करने पहुंचते हैं, जिसके कारण यहां कभी भी घटना होने की संभावना रहती है।

### गाड़ियों की सुरक्षा रामभरोसे

*करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग को नगर निगम ने लावारिस छोड़ दिया है। इस पार्किंग में गाड़ियों की व्यवस्था की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को दी गई है, जो अपने स्तर पर चार कर्मचारियों को रखा हुआ है। इनमें तीन कर्मचारी दिन में और एक कर्मचारी रात में यहां ड्यूटी करता है। इस पार्किंग में लगे सभी कैमरे खराब या बंद पड़े हुए हैं, जिसके कारण यहां वाहन की चोरी होने की भी संभावना बनी हुई है। यहीं नहीं मल्टीलेवल में कई लावारिस वाहन भी कई हफ्ते-महीने से खड़ी है। इन वाहन को हटाने के लिए निगम और पुलिस विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यहीं कारण है कि पार्किंग में अब नशे की हालत में लोग कार पार्क करने पहुंच रहे हैं।*

## नशे के सौदागर की दुकान में बुलडोजर कार्रवाई, जेसीबी की मदद से किया जमींदोज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में चाय-नाश्ता दुकान की आड़ में शराब, गांजा बेचने वाले नशे के सौदागर की दुकान को पुलिस ने जेसीबी की मदद से ढहा दिया। जिस चाय नाश्ते की दुकान को ढहाया गया है, वह चाय नाश्ते की दुकान सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाई गई थी। पुलिस ने इस तरह किसी अन्य दुकान की आड़ में प्रतिबंधित मादक पदार्थ, शराब बेचने वालों के खिलाफ इसी तरह से कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

- उरला पुलिस ने की कार्रवाई
- चाय दुकान की आड़ में गांजा, शराब की बिक्री कर रहा था दुकानदार

पुलिस ने उरला, बेंद्री स्थित युवराज निषाद की दुकान को ढहाया है। युवराज की चाय-नाश्ता की दुकान में पांच दिन पूर्व 50 पौवा गोवा शराब के साथ पुलिस ने 65 ग्राम गांजा जब्त किया था। दुकान ढहाने की कार्रवाई पुलिस ने जिला प्रशासन की देखरेख में की है। चाय-नाश्ता दुकान की आड़ में पुलिस को लंबे अरसे से युवराज द्वारा चोरी छिपे मादक पदार्थ बेचे जाने की जानकारी मिल रही थी। इसी आधार पर पुलिस ने मुखबिर की मदद से चाय-नाश्ते की दुकान में छापा मारा और युवराज को गांजा तथा शराब बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## आयुष विवि की परीक्षा प्रणाली में सुधार की जरूरत, कुलपति को सौंपा गया सौ पन्नों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस और एमडी-एमएमएस की परीक्षा आयोजित करने वाले आयुष विश्वविद्यालय की प्रणाली में सुधार की आवश्यकता बताई गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने इसके लिए सौ पन्ने का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कुलपति डॉ. पीके पात्रा को सौंपा है। उन्होंने तर्क दिया है कि परीक्षा का आयोजन बिना गेप के किया जाता है, वहीं परिणाम घोषित करने में काफी विलंब होता है। इससे चिकित्सा छात्रों में तनाव की स्थिति निर्मित होती है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने बताया कि परीक्षा का आयोजन लगातार किए जाने की की वजह से उन्हें रिवीजन और विश्राम करने का वक्त नहीं मिल पाता। इसकी वजह से प्रश्नों का उत्तर लिखने में दिक्कतें होती है, जिसका असर परीक्षा परिणाम पर भी नजर आता है।

इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं के दो प्रश्नपत्रों के मध्य न्यूनतम एक दिवस का अंतराल दिया जाना चाहिए। इसके अलावा पढ़ाई, इंटर्नशिप, शोध और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की योजना छात्र व्यवस्थित ढंग से बना सकें, इसके लिए सभी चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए एक पारदर्शी, पूर्व-निर्धारित और समयबद्ध अकादमिक कैलेंडर घोषित किया जाना चाहिए।

## नए कॉलेज खोलने 60 आवेदन, इनमें 50% बीएड संस्थान, लेकिन मंजूरी किसी को नहीं

### उच्च शिक्षा विभाग ने नहीं दी है मंजूरी, नए सत्र के प्रारंभ हो चुके हैं दाखिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नए महाविद्यालय खोलने 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 30 आवेदन उन संस्थानों के हैं, जो पहले से ही बीएड महाविद्यालयों का संचालन कर रहे हैं। आवेदन करने वाले किसी भी संस्थान को नए महाविद्यालय खोलने की अनुमति नहीं मिल सकी है, इसलिए इस बार कोई भी नए कॉलेज नहीं खुलेंगे। दूसरी ओर पूर्व से संचालित महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा मंत्री नहीं होने के कारण फाइलें अटकी हुई हैं। ना केवल नए कॉलेज बल्कि पहले से संचालित महाविद्यालयों में नए पाठ्यक्रम की अनुमति भी नहीं मिल सकी है। नए महाविद्यालय और नए पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालयों की टीम सहित उच्च शिक्षा विभाग की टीम भी निरीक्षण करके जा चुकी है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया बीते वर्ष जुलाई माह तक चली थी। एक वर्ष बाद भी अनुमति प्रक्रिया लंबित होने के कारण महाविद्यालय निराश हैं। इन कॉलेजों में अब अगले सत्र से ही नए पाठ्यक्रम की शुरुआत हो सकेगी।

### 4 कॉलेजों की मान्यता हुई है रद्द

बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन ने मापदंड कड़े कर दिए हैं और इनका सख्ती के साथ पालन भी किया जा रहा है। प्रदेश के 4 बीएड महाविद्यालयों की मान्यता नए सत्र के लिए केवल इसलिए रद्द कर दी गई क्योंकि उन्होंने अपनी वार्षिक रिपोर्ट पेश नहीं की थी। जिन नए कॉलेजों के लिए उच्च शिक्षा विभाग को आवेदन मिले हैं, उनमें अधिकतर रायपुर, दुर्ग और जांजगीर के हैं।

### इसलिए बीएड कॉलेजों की अधिकता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएड पाठ्यक्रम का संचालन उन्हीं महाविद्यालयों में हो सकेगा, जहां बीए, बीकॉम, बीएससी अथवा अन्य पाठ्यक्रम का भी संचालन हो रहा हो। 2030 तक नवीन व्यवस्था लागू की जाएगी। छत्तीसगढ़ में जिन कॉलेजों में बीएड पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है, उनमें से अधिकतर में केवल बीएड कोर्स ही हैं अर्थात यहां बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रम नहीं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों के कारण बीएड कॉलेजों ने नवीन संस्थान खोलने अथवा नए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवेदन दिए हैं, ताकि वे 2030 के बाद भी बीएड का संचालन कर सकें।

## रायपुर जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या पहुंची सौ के करीब

### 29 एक्टिव 4 अस्पताल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कोरोना के मामले में इस बार भी रायपुर जिला प्रदेश में अव्वल है। यहां अब तक 95 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें से अस्पताल में भर्ती 4 लोगों के साथ 29 एक्टिव केस हैं और 66 मरीज ठीक हो चुके हैं। भले ही यहां कोरोना का संक्रमण ज्यादा हो मगर किसी की मौत नहीं हुई है। मंगलवार को प्रदेश में पांच नये केस का पता चला जो रायपुर से संबंधित है। राज्य में अब तक 179 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें 130 संक्रमित ठीक भी हो चुके हैं।

मौसम में ठंडकता आने की वजह से आने वाले दिनों में कोरोना के पूरी तरह नियंत्रण में आने में थोड़ा वक्त लगने की संभावना है। हालांकि यह स्पष्ट हो चुका है कि इस दौर का संक्रमण बहुत ज्यादा जानलेवा नहीं है। जोखिम उन्हीं लोगों के लिए है, जो किसी तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। राजनांदगांव जिले में जिन दो लोगों की मौत हुई है, उन्हें दूसरी तरह की गंभीर बीमारी थी और इलाज के दौरान टेस्टिंग में वे कोरोना पजिटिव मिले थे। इस दौर में भी संक्रमण के मामले में रायपुर जिला सबसे आगे हैं और यहां अब तक 95 केस का पता चल चुका है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि सर्दी-खांसी बुखार जैसे लक्षण अगर दो-तीन दिन में ठीक नहीं हो, तो जांच कराना चाहिए। रायपुर में आबादी अधिक है और आवाजाही का केंद्र बिंदु है, जिसके कारण यह कोविड के केस अधिक रहते हैं।

### राज्य में 47 एक्टिव केस

प्रदेश में अब कोरोना के 47 एक्टिव केस हैं। मंगलवार को जहां पांच नये मामले सामने आए हैं, वहीं चार पुराने संक्रमितों की रिपोर्ट निगेटिव घोषित की गई है। 47 एक्टिव में 37 होम आइसोलेशन में हैं और 10 अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। राज्य में 179 केस अब तक सामने आए हैं जिसमें 130 ठीक हो चुके हैं।

## बिजनेस साइट

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम

**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष 'योग फॉर- वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम के तहत उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने में योग की भूमिका को उजागर करना था। इस अवसर पर महानिदेशक डॉ. बीसी जैन ने कहा कि योग न केवल तन, बल्कि मन और आत्मा को भी स्वस्थ करता है। यह तनाव को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने और आंतरिक शांति प्राप्त करने का मार्ग है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी कड़ी में यूनिवर्सिटी में एक कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की संभावनाओं से अवगत कराया गया।



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर द गुड स्टार्ट स्कूल में जोश और उमंग के साथ आयोजन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर द गुड स्टार्ट स्कूल, रायपुर एवं मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। योग और जुम्बा की विशेषज्ञ प्रशिक्षिका कश्मिका के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और जुम्बा सेशन में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक अनीता त्रिपाठी ने कहा कि योग शरीर और मन में संतुलन लाता है, वहीं जुम्बा जीवन में ऊर्जा और उत्साह भरता है।



### कोलंबिया फार्मेसी संस्थान के 11 विद्यार्थी 'नाइपर 2025' में क्वालीफाई



**रायपुर।** कोलंबिया संस्थान के 11 मेधावी विद्यार्थियों ने नाइपर जेईई 2025 परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फार्मेसी संस्थानों में प्रवेश की पात्रता प्राप्त की। कोलंबिया ग्रुप द्वारा संचालित कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के पूजा साहू, हर्ष देवांगन, ओम अग्रवाल, कुमार गौरव साहू, निरंजन दास मार्कण्डेय, गौरव हरजपाल एवं नीलम साहू तथा कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के योगेंद्र साहू, सुयश सिन्हा, विनीता चतुर्वेदी एवं विनय वर्मा ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

### रामकृष्ण शिक्षण संस्थान का तीन दिवसीय योग दिवस समारोह



**रायपुर।** रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। संस्थान के संचालक आरके चौबे के निर्देशन में 21 जून से 23 जून तक तीन दिवसीय 'योग एवं पोषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर सेमीनार एवं योग अभ्यास का आयोजन किया गया। श्री साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया और उनके शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



मानसून में राइडर्स का हर वीकेंड पहाड़ों ...

## एजूकेशन अलर्ट

### रेलवे में टेक्नीशियन के 6180 पदों पर भर्ती, आवेदन 28 जून से




**रायपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी की तलाश में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से टेक्नीशियन के बंपर पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर भर्ती का ऐलान किया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 28 जून से शुरू हो जाएगी, जो निर्धारित अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025 तक जारी रहेगी। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथि के अंदर केवल ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट rrbapply.gov.in पर फॉर्म भर सकेंगे। इस भर्ती के माध्यम से कुल 6180 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जानी हैं। इसमें से टेक्नीशियन ग्रेड III के तहत कुल 6000 एवं टेक्नीशियन ग्रेड II के तहत 180 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### 26 से 29 जून तक आयोजित होगी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 की परीक्षा 26 जून 2025 से 29 जून 2025 तक दो पाली में आयोग द्वारा निर्धारित (03) परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी द्य परीक्षा 2 पालियों में आयोजित की जाएगी, पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु नवीन ठाकुर को नोडल अधिकारी एवं केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा का संचालन सुचारू एवं पारदर्शी रूप से लोक सेवा आयोग के नियमों के अनुसार करें, इसके साथ ही परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को सभी प्रकार की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जावे ।

## शहर के टॉप कॉलेजों में पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया हुई पूरी

# फर्स्ट डिवीजन बेस पर गणित-विज्ञान संकाय में एंट्री, कम अंक वालों को नो चांस, ऐसे में निजी कॉलेज, प्राइवेट स्टडी ही विकल्प

सिटी के अधिकांश टॉप कॉलेजों में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पहले चरण के लिए कॉलेजों के एडमिशन पोर्टल बंद हो गए हैं। अब प्रवेश मेरिट सूची जारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ कॉलेज की भी प्रथम चरण की प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल क्लोज हो चुका है, जबकि डीबी गर्ल्स कॉलेज में आज प्रथम चरण की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।

**रायपुर।** डॉ. राधाबाई गर्ल्स कॉलेज, महंत कॉलेज सहित इन प्रमुख शासकीय महाविद्यालयों में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। साइंस कॉलेज की प्रथम मेरिट प्रवेश सूची के अनुसार टॉप कॉलेजों में फर्स्ट डिवीजन बेस पर ही प्रवेश मिलेगा। फर्स्ट डिवीजन से नीचे अंक वाले स्टूडेंट्स के लिए दूसरे निजी व सरकारी कॉलेज ही विकल्प के तौर पर रह जाएंगे। साइंस कॉलेज के स्नातक विषय प्रवेश समिति के सदस्य व गणित संकाय के प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि कॉलेज में बीएसी व मैथ्स संकाय को मिलाकर 884 सीटें हैं। इन सीटों की पूर्ति होने तक आवश्यकतानुसार दो से अधिक चरणों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।






### कहां-कितनी सीटें

#### दुर्गा महाविद्यालय की मेरिट प्रवेश सूची आज

दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोतिभा मुखर्जी ने बताया कि पं. रविशंकर विश्वविद्यालय से हमारा कॉलेज संबद्ध है, जहां विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से स्नातक के लिए बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए संकायों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा 25 जून को प्रथम चरण प्रवेश की पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसमें कॉलेज के स्नातक की संचालित चार बीए, बीकॉम, बीबीए और बीसीए शामिल हैं। बीए संकाय में 250 सीटें, बीकॉम के लिए 500 सीटें, बीबीए-40 सीटें, बीसीए-40 सीटों पर चरणबद्ध तरीके से प्रवेश लिया जाएगा।

#### एडमिशन शुल्क सभी कॉलेजों में अलग-अलग

*साइंस कॉलेज के प्रोफेसर ने बताया कि विश्वविद्यालय की गाइडलाइन के मुताबिक सरकारी कॉलेजों में स्नातक के साइंस संकाय का एडमिशन शुल्क 5270 रुपए, कला व वाणिज्य संकाय की विषयों का प्रवेश शुल्क 3730 रुपए निर्धारित है। जबकि शहर के जनभागीदारी से संचालित व निजी महाविद्यालयों में अलग-अलग प्रवेश शुल्क निर्धारित किया जा रहा है।*

#### निजी कॉलेज में ये है विकल्प

*इंटरनेशनल महाराजा अग्रसेन कॉलेज समता कॉलोनी, प्रगति कॉलेज चौबे कॉलोनी, अग्रसेन कॉलेज पुरानी बस्ती, डागा कॉलेज शास्त्री मार्ग, विप्र कॉलेज के अलावा मैट्स विश्वविद्यालय, कलिंगा विश्वविद्यालय, विवेकानंद महाविद्यालय, रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय जैसे निजी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय उन विद्यार्थियों के लिए विकल्प के रूप में चुन सकते हैं।*

#### डिग्री गर्ल्स कॉलेज में 60 प्रतिशत से ऊपर कटऑफ की उम्मीद

*डिग्री गर्ल्स कॉलेज में बीएससी मैथ्स में 115, बॉयोलॉजी में 240, बायो टेक्नोलॉजी में 30, कंप्यूटर साइंस में 50, बीकाम में 200, बीए में 400 सीटें उपलब्ध हैं। इस साल भी मेरिट लिस्ट का कटऑफ पिछले साल की तरह 60 फीसदी नंबर से ज्यादा रहने की उम्मीद है।*

#### साइंस कॉलेज में 884 सीटों पर चार से अधिक चरण में प्रवेश

*साइंस कॉलेज में बीएससी फर्स्ट ईयर के लिए कुल 954 सीटें हैं, जिनमें सर्वाधिक सीटें बीएससी बायो में 220 और मैथ्स में 230 सीटें शामिल हैं इसके अलावा भूगर्भ शास्त्र (जूलॉजी, बॉटनी), रक्षा-अध्ययन में 30-30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। सूक्ष्म जीव विज्ञान में 40, जैव-रसायन में 24, जैव प्रौद्योगिकी में 60, सूचना प्रौद्योगिकी में 63, कंप्यूटर प्रौद्योगिकी में 63 सीटें उपलब्ध हैं। 50-50 सीटें भूगोल और अर्थशास्त्र की हैं।*

#### छत्तीसगढ़ कॉलेज बीएससी बायो में 265 व मैथ्स में 163 सीटें

*छत्तीसगढ़ कॉलेज में बीकॉम फर्स्ट ईयर में 235, बीकॉम कप्यूटर साइंस में 30, बीएससी बायो में 265 और मैथ्स में 163 सीटें हैं। विधि प्रथम सेमेस्टर में 160 सीटों पर प्रवेश जारी है। वहीं बीएससी कंप्यूटर साइंस में 40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।*

## सिटी इवेंट

### जल्दी टूटते रिश्ते चिंता का विषय नवदंपत्ति में धैर्य-समझ की जरूरत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल अग्रवाल भवन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में उपयुक्त विवाह संबंधों को प्रोत्साहित करना और परिवारों को एक साझा मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम का आयोजन समाज की पत्रिका समिति द्वारा रायपुर इकाई एवं युवा मंच के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अजय दानी ने की, वहीं मुख्य अतिथि डॉ. रघुनाथ अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य, कल्याण महाविद्यालय भिलाई रहे। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे, जिनमें केंद्रीय सचिव डॉ. जेपी अग्रवाल, पत्रिका प्रभारी डॉ. वीके अग्रवाल, रायपुर इकाई के अध्यक्ष डॉ. अमित अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्षा मिथिला अग्रवाल, अग्रशक्ति अध्यक्षा आशी अग्रवाल, संरक्षक उमेश अग्रवाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।



#### युवतियों के अपेक्षाकृत कम बायोडाटा आए

कार्यक्रम के दौरान कुछ सदस्यों ने लड़कियों के अपेक्षाकृत कम बायोडाटा आने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही समाज में विवाह के बाद जल्दी रिश्ते टूटने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए सुझाव दिया गया कि नवविवाहित दंपति को धैर्य और समझदारी से संबंधों को निभाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि दूध में खटास इतनी न बढ़े कि वह कट-फट जाए, यह संदेश युवा जोड़ों के लिए मार्गदर्शन के रूप में दिया गया। बताया गया कि इस वर्ष सम्मेलन के लिए 91 नए और लगभग 160 पुराने सदस्यों ने अपनी भागीदारी की सहमति दी थी। परिचय देने वाले अधिकांश प्रतिभागी रिश्तों को लेकर गंभीर नजर आए और उम्मीद जताई गई कि जल्द ही कुछ विवाह प्रस्तावों का परिणाम सकारात्मक रूप में सामने आएगा। कार्यक्रम का संचालन नितीन अग्रवाल ने सुचारू रूप से किया। सम्मेलन को समाज के लोगों ने सराहा और इसे उपयोगी व समयानुकूल पहल बताया।

# खिलाड़ियों को दी आपातकालीन स्थितियों में जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार की जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर लाइफ सेविंग टेक्नीक सेमिनार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम का विषय हमारी जिंदगी में खेल का महत्व एवं लाइफ सेविंग टेक्नीक रखा गया था। इस अवसर पर खेल के दौरान या सामान्य जीवन में अचानक आने वाली आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल प्राथमिक उपचार कैसे किया जाए, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार में बताया गया कि दुर्घटनाओं के समय शुरुआती कुछ मिनटों को 'प्लैटिनम अवधि' माना जाता है, जिसमें सही प्रतिक्रिया जान बचा सकती है। राष्ट्रीय स्तर के दो विशेषज्ञ प्रदीप नायडू कर्नाटका और कौस्तव बख्शी वेस्ट बंगाल, जो राष्ट्रीय लाइफ सेविंग सोसाइटी इंडिया और वाटर सेफ्टी काउंसिल से जुड़े हैं, विशेष रूप से इस प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किए गए। उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मोच, खिंचाव, फ्रैक्चर, सिर की चोट, रक्तस्त्राव, हीट स्ट्रोक, डूबने, दिल का दौरा, गला घुटने और सड़क दुर्घटनाओं जैसी स्थितियों में प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया को न केवल समझाया, बल्कि व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से भी बताया कि इन परिस्थितियों में कैसे त्वरित और सही कदम उठाए जा सकते हैं। सेमिनार में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन, रिकवरी पोजीशन और आपातकालीन नंबर की महत्ता पर भी विशेष रूप से जोर दिया गया।

#### ऑनलाइन भी जुड़े खिलाड़ी

*इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न खेल संघों से जुड़े खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इसके साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी जुड़ सके, जिनके लिए गूगल लिंक के जरिए सेमिनार का सीधा प्रसारण किया गया था। राज्य के सभी खेल संघों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने खिलाड़ियों और कोच को इस सेमिनार में अनिवार्य रूप से जोड़ें। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के इस आयोजन को प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी, शिक्षाप्रद और जीवन रक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सजगता और तत्परता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा व ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, सुनील रामदास, महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, सहसचिव सहीराम जाखड़, सहसचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

## मध्यप्रदेश के राज्य पक्षी को भा रही छत्तीसगढ़ की आबोहवा



**रायपुर।** मध्यप्रदेश के राज्य पक्षी इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर को छत्तीसगढ़ की आबोहवा खूब रास आ रही है। हाल ही में बिलासपुर के भैंसाझार क्षेत्र के पास इस सुंदर और दुर्लभ पक्षी को देखा गया है। इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर का प्रजनन काल मई से जुलाई के बीच होता है। इस अवधि में नर और मादा दोनों मिलकर घोंसला बनाते हैं, अंडों का ऊष्मायन करते हैं और बच्चों की देखभाल करते हैं। ऊष्मायन की अवधि लगभग 14 से 16 दिन होती है। पक्षी प्रेमियों के लिए यह दृश्य बेहद आकर्षक रहा, जिसे छायाकार मजीद सिद्दीकी ने अपने कैमरे में कैद किया।

## बच्चों, बड़ों सभी के लिए अलग-अलग डिजाइन व रेंज में वाटरप्रूफ वियर्स व सामग्री खरीदारी से बाजार में आई रौनक

# बारिश की बौछारें पड़ते ही बाजार में रंगबिरंगी छतरियों और रेनकोट का सज गया बाजार

कॉर्नर न्यूज



**रायपुर।** मानसून की बौछार पड़ते ही जहां रेनकोट, छतरी की आवश्यकता लोगों को महसूस होने लगी है। वहीं बरसाती सामान का बाजार भी सज गया है। सिटी की मालवीय रोड, जवाहर बाजार स्थित दुकानों के बाहर रंगबिरंगी छतरियां, स्टाइलिस रेनकोट, बैग कवर, मोटर बाइक-कार कवर, तिरपाल पन्नी की खरीदारी करते लोग नजर आए। बरसाती सीजन में बाजार में वाटरप्रूफ वियर्स मार्केट सामान की उपलब्धता, रेंज, वैरायटीज की लाइव रिपोर्टिंग हरिभूमि टीम ने की। इस दौरान बरसाती वियर्स व सामग्री के होलसेल तथा चिल्हर विक्रेताओं से बातचीत की। मालवीय रोड जवाहर बाजार के सामने वाटरप्रूफ वियर्स व सामग्री के चिल्हर एवं थोक विक्रेता संतोष गुप्ता, नितिन गुप्ता ने बताया कि बरसाती बाजार के मद्देनजर बच्चों, बड़ों के वाटरप्रूफ वियर्स रेनकोट, छतरी के अलावा बैग कवर्स दिल्ली, कोलकाता, मुंबई से मंगाए हैं। जब से बरसात तेज हुई है, वाटरप्रूफ वियर्स व दूसरे बरसाती सामान की खरीदारी के लिए लोग बड़ी संख्या में फैमिली मेंबर्स व दोस्तों के साथ पहुंच रहे हैं। स्कूली बच्चों के लिए वाटरप्रूफ वियर्स, बैग लेने पैरेंट्स शॉप पर आ रहे हैं। खरीदारी बढ़ने से वाटरप्रूफ वियर्स की बाजार में रौनक आ गई है। छतरियों की सभी रेंज व कलर-प्रिंट में हर टाइप की छतरी उपलब्ध है।



#### गर्ल्स को लुभा रहीं रंगबिरंगी छतरियां

कॉलेज गर्ल्स के लिए फैंसी नेट वाला अंब्रेला खास चलन में है। वैसे तो कई प्रकार की रंगबिरंगी छतरियां खासकर गर्ल्स व महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। इसमें फ्लॉवर प्रिंट, कार्टून प्रिंट और सतरंगी नेट वाले अंब्रेला की डिमांड सबसे अधिक है। इस अंब्रेला की कीमत 200 से 600 रुपए तक है।

#### ऑफिस के लिए ट्रांसपेरेंट और पैराशूट रेनकोट डिमांड में

दुकानदार ने बताया कि वाटरप्रूफ वियर्स में ट्रांसपेरेंट, पैराशूट टाइप के रेनकोट का चलन ऑफिस जाने वाले लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। महिलाओं के लिए प्रिंटेड फुल साइज ऑफिस कंफर्ट रेनकोट ट्रांसपेरेंट वैरायटीज में 600 से 1000 रुपए तक कीमत पर उपलब्ध है। वहीं मेन्स के लिए ट्रांसपेरेंट, पैराशूट दोनों टाइप में प्लेन प्रिंट में 5 से 6 कलर्स में 600 से 1500 रुपए कीमत तक के रेनकोट आए हुए हैं।

#### स्कूली बच्चों के लिए कार्टून प्रिंटेड रेनकोट

स्कूल आने-जाने के समय बच्चों को बारिश से बचाने उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर प्रिंट वाले रेनकोट प्लेन, फ्लॉवर प्रिंट, कार्टून प्रिंट, पॉकेट समेत कई साइज में आए हैं। नियॉन कलर के साथ रेनकोट में पीला, लाल, काला, ब्राउन, पिंक, ब्लू और नेवी ब्लू कलर बच्चों के लिए भी रंगबिरंगे छाते और रेनकोट बाजार में उपलब्ध हैं, जो अलग-अलग थीम पर उनकी च्वॉइस के हैं।

**समाज लाइव**

## पांच महाद्वीपों में 140 से भी अधिक सेवा केन्द्रों में दे रहे ईश्वरीय संदेश



**रायपुर।** ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर में मंगलवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संचालित समस्त सेवाकेन्द्रों से 500 से भी अधिक संख्या में भाई-बहनें कार्यक्रम में शामिल हुईं। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मौन धारण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विस्तार से जानकारी देते हुए संचालिका रीटा बहन ने बताया कि 1936 में अविभाजित भारत के करांची, सिंध, हैदराबाद में दादा लेखराज जो कि सिंधी समाज के प्रतिष्ठित व ख्यातिनाम जौहरी थे। उनके साकार तन में निराकार परमपिता परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण हुआ, जिन्हें परमात्मा ने दिव्य कर्तव्य हेतु दिव्य नाम प्रजापिता ब्रह्मा दिया। कलियुगी सृष्टि के विनाश व सतयुगी सृष्टि का दिव्य साक्षात्कार कराया। इसी समय ओम मंडली के नाम से संस्था की शुरुआत हुई।

### अल्पायु में मातृत्व पालना का ऐसा गुण कि खुद की मां भी मां कहतीं

रीटा बहन ने बताया कि अल्पायु में मातृत्व पालना का ऐसा गुण था, जिसके कारण उनको जन्म देने वाली मां भी उन्हें मम्मा कहती थीं। मम्मा कुशाग्र बुद्धि की धनी और परमात्मा के हर आज्ञा को शिरोधार्य कर उनका स्वरूप बनने का प्रत्यक्ष सबूत दिया। परमात्म कार्य में सभी सहयोगी आत्माओं की दिव्य पालना कर उन्हें दिव्य गुणों से भरपूर किया। कहा जाता है आधार सशक्त व मजबूत हो तो संपूर्ण संरचना भी सशक्त होती है। संस्था की प्रथम प्रशासिका के दायित्व का दैवी गुणों के द्वारा ऐसा सिंचित किया, जो ओम मंडली संस्था कालांतर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नाम से विश्व व्यापी हो विशाल वटवृक्ष की भांति विश्वभर में फैल गई।इस अवसर पर जानकारी दी गई कि विश्व के पांच महाद्वीपों में 140 से भी अधिक सेवाकेन्द्रों के द्वारा ईश्वरीय संदेश दिया जा रहा है। अनेक आत्माओं के जीवन, सुख, शांति, समृद्धि से भरपूर कर नवीन दैवी स्वराज्य की स्थापन में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

**जंगलों में एंट्री बंद होने के बाद अब राइडर्स ने पकड़ी पहाड़ों की राह, एडवेंचर के लिए तैयार किया नया रास्ता**

# मानसून में राइडर्स का हर वीकेंड पहाड़ों की राइड और ट्रैकिंग का प्लान तैयार, 4 महीने छग में करेंगे एडवेंचर

**छत्तीसगढ़ में मानसून दस्तक देने के साथ शहर के बाइक राइडर्स ने बारिश में ट्रैवलिंग को लेकर अपनी तैयारी भी पूरी कर ली है। मानसून में चार महीने जंगल बंद होते हैं। ऐसे में अब राइडर्स ने पहाड़ पर ट्रैवलिंग के लिए नया रोडमैप तैयार किया है, जो उन्हें नेचर से जोड़ेगा। बाइक राइडर्स की मानें तो राइडिंग और एडवेंचर के लिए मानसून सबसे बेहतर मौसम है, जहां राइडर्स खुद को प्रकृति के करीब महसूस करते हैं।**

**रायपुर।** शहर में छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब, भाईकर्स राइडिंग क्लब और वोल्फपैक सीजी राइडिंग क्लब से जुड़े राइडर्स मानसून सक्रिय होने के बाद यात्रा पर निकलेंगे। बातचीत में राइडर्स ने बताया कि बारिश के मौसम में बाइक से एडवेंचर और ट्रैकिंग के लिए जशपुर, सरगुजा में मैनपाट, मछली जलप्रपात, कांकेर में टाटामारी और बस्तर में तीरथगढ़, चित्रकोट, नंबी वॉटरफॉल, प्राचीन गणेश मंदिर और हांदावाड़ा जलप्रपात बेहतर जगह है।



### 25 राइडर्स बीजापुर और बस्तर में करेंगे ट्रैवलिंग

बाइक राइडर अमित बाघ ने बताया कि छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब से 25 राइडर्स की टीम बीजापुर, बस्तर दौरे पर निकलने वाली है। ट्रैवलिंग से पहले प्री-प्लानिंग की गई। इसमें रोडमैप तैयार किया गया। वहीं रास्ते में ठहरने की जगह निश्चित की गई। दूसरी ओर 2-3 राइडर्स ने रेकी की और स्थानीय लोगों को ट्रैवलिंग की जानकारी दी। इस मानसून बस्तर और बीजापुर की स्थानीय संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा, जहां ग्रामीण हाट-बाजार और जंगल का भ्रमण कराएंगे। वहीं जंगली फल एवं व्यंजन जैसे कुसुम फल, चापड़ा की चटनी खाने का मौका मिलेगा। इस मौके पर सभी राइडर्स ग्रामीण क्षेत्रों में ही टेंट लगाकर रहेंगे।

### बस्तर के स्थानीय क्षेत्रों को एक्सप्लोर करें

वोल्फपैक सीजी राइडिंग क्लब से हार्दिक गौतम ने बताया कि इस बारिश बस्तर या अंबिकापुर एक्सप्लोर करने का प्लान है। इस दौरान 15-20 लोगों की टीम तैयार की गई। मानसून में पहली बार राइड करते वक्त रेनकोट और राइडिंग गेयर जरूर रखें। साथ ही बस्तर संभाग के स्थानीय क्षेत्रों को एक्सप्लोर करें, जहां प्रकृति की सुंदर वादियां, ग्रामीण परिवेश, जलप्रपात यादगार साबित होंगे। यात्रा के दौरान दुर्घटना से बचने के लिए नदी, झरने के नजदीक न जाएं, वहीं स्थानीय लोगों के साथ घूमें। ट्रिप से पहले वन विभाग, पर्यटन विभाग से क्षेत्र की जानकारी लें, जिसमें मौसम खराब होने या जंगली जानवरों के आतंक होने की स्थिति में जाना रद्द कर दें। ट्रैवलिंग ग्रुप में करना बेहतर होता है, ताकि दुर्घटना या समस्या के दौरान सदस्यों से मदद ली जा सके।



### हर शनिवार-रविवार करेंगे राइडिंग

भाईकर्स राइडिंग क्लब से राइडर स्वप्निल प्रेम दास ने बताया कि मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ में झरनों और नदी का दृश्य अद्भुत होता है, जहां वॉटर स्लाइडिंग और ट्रैकिंग करने का मौका मिलता है। पिछले मानसून कुटन जलप्रपात, कांकेर से मात्र 15 किलोमीटर दूर मलाज कुटुम्ब, रानीधारा और शिशुपाल पर्वत पर राइडिंग का मौका मिला था। इस बार भी मानसून आते ही हर शनिवार-रविवार बाइक राइडिंग का प्लान है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के छिपे हुए या कम चर्चित पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने की तैयारी है। इस वर्ष 8-10 बाइक राइडर्स का ग्रुप मानसून शुरू होते ही ट्रैवलिंग के लिए निकल पड़ेगा।



### कम खर्च के साथ अच्छी यात्रा

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग ने ज्यादातर रिसॉर्ट प्राकृतिक स्थलों के बीच बनाए गए हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में लोग रिसॉर्ट घूमने के लिए भी पहुंचते हैं। चिल्फी, मैनपाट व कुरदर समेत जशपुर के रिसोर्ट लग्जरी हैं, जिसका एक दिन का किराया 2500 से 5000 तक है। अधिक किराया होने से कई लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। उनके लिए कैंपनिंग पाइंट की सुविधा बनाई गई है। युवाओं को 500 में रहने के लिए जगह और खाने के लिए कैंटीन की सुविधा मिल जाती है। इस सुविधा का लाभ सोलो ट्रैवलर ज्यादा उठा रहे हैं। इस तरह कम खर्च में युवा ट्रैवलिंग कर रहे हैं।

### टेंट लेकर पहुंच रहा युवाओं का समूह

पर्यटन विभाग कैंपनिंग के लिए केवल जगह उपलब्ध कराता है। प्राइवेट रिसॉर्ट में कैंपनिंग करने का किराया 1000 से 1500 रुपए तक है, लेकिन पर्यटन विभाग 500 रुपए में जगह दे रहा है। कम खर्च में जगह मिलने से अब कई ट्रैवलिंग एजेंसी यहां टेंट लगाकर लोगों को कैंपनिंग करा रही है। एक्सप्लोर करने वाले युवा अपने साथ टेंट लेकर चलते हैं, उन्हें कम किराए में अच्छी सुविधा मिल रही है। ठंड के समय में बोनफायर के साथ ट्रैवलिंग का लुत्फ उठा रहे हैं।

**सिटी लाइव**

## नाटक, प्रश्नोत्तरी, गीत और कहानी से संस्कृत बोलने कर रहे अभ्यास



**रायपुर।** संस्कृत सहज और सरल भाषा है। बच्चों को संस्कृत भाषा का ज्ञान होना बहुत जरुरी है। इस उद्देश्य से संस्कृत भारती के तत्वावधान में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया है। आर्य नगर में चल रहे संभाषण शिविर का चौथे दिन बच्चों को सामान्य दिनचर्या और प्रतिदिन दैनिक व्यवहार में संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों को नाटक अभिनय, प्रश्नोत्तरी, गीत एवं कहानी कथन के माध्यम से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया गया। इस 10 दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक प्रो. जैनेंद्र दीवान ने संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से पढ़ाया। इस दौरान बच्चों को नाटक अभिनय, प्रश्नोत्तरी, गीत एवं कहानी कथन के माध्यम से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है।

### प्रतिदिन दो घंटे की क्लास में सीख रहे संस्कृत

यह संस्कृत संभाषण शिविर 20 जून से आरंभ होकर 29 जून तक चलेगा। प्रतिदिन 2 घंटे और 10 दिन में 20 घंटे का अभ्यास करके संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है। संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत संभाषण शिविर में 20 से अधिक प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे है। शाम 5 से 7 ओम परिसर में चल रही इस कक्षा में पूरी तरह संस्कृत का माहौल बना हुआ है। 7 वर्ष से लेकर के 70 वर्ष तक के जिज्ञासु संस्कृत भाषा का एक साथ अभ्यास कर रहे हैं। इस अवसर पर शिविर के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में हम वर्षों तक संस्कृत पढ़ाते हैं और हमें संस्कृत बोलना नहीं आता। इसका कारण है कि हमें संस्कृत भाषा सुनने और बोलने का अवसर नहीं मिलता। इस संभाषण शिविर में 2 घंटे लगातार छात्र-छात्राओं और जिज्ञासु प्रतिभागियों को संस्कृत का वातावरण प्रदान किया जा रहा है। कक्षा में किसी भी रूप में अन्य भाषा का प्रयोग नहीं किया जा रहा है संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से सरल ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# महाप्रभु के स्वस्थ होने पर आज जगन्नाथ मंदिरों में नयन उत्सव, 27 को खुलेंगे कपाट

**जगन्नाथ मंदिरों के तर्ज पर जैतू साव मठ में पारंपरिक आभूषण सूता, पइरी, अइठी, करधन से श्रृंगार**

**रायपुर।** जगन्नाथ मंदिरों में रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। राजधानी के गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर, टूरीहटरी जगन्नाथ मंदिर और सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में भव्य रूप से रथयात्रा निकलेगी। पूजा व अनुष्ठान पुरी की तर्ज पर होंगे। आज मंदिरों में नयन उत्सव का महाआयोजन किया जा रहा है, जिसे 14 दिनों के अनवास अवधि के बाद मनाया जाता है। नैन उत्सव के दौरान मंदिर के कपाट बंद रहेंगे, जिसमें श्रद्धालुओं को श्री जगन्नाथ, भाई बलराम और रानी सुभद्रा के दर्शन करने का मौका नहीं मिलेगा।



### 7 हजार भक्तों के लिए भोग प्रसादी की व्यवस्था

गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में नैन उत्सव गुप्त रूप से पुजारियों की उपस्थित में मनाया जाएगा। वहीं 27 जून रथयात्रा की जानकारी के लिए मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने पत्रकारवार्ता भी की है। रथयात्रा के दौरान 5-7 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसादी की व्यवस्था की गई है, जो सुबह से देर रात तक जारी निरंतर जारी रहेगी। टूरीहटरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज नैन उत्सव मनाया जा रहा, वहीं संध्या 7 बजे भजन मंडली की प्रस्तुति होगी। रथयात्रा के दौरान गजा-मूंग का विशेष प्रसाद भक्तों को दिया जाएगा, इसके लिए 150 किलो चना और 100 किलो मूंग लाया गया है।



### छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों से श्रृंगार

जगन्नाथ मंदिरों की तर्ज पर जैतूसाव मठ में कृष्ण मंदिर और श्रीराम-सीता मंदिर में स्वर्ण और चांदी के आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंगलवार को चंदन, स्वर्ण-चांदी के मुकुट और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषण सूता, पइरी, अइठी, करधन, सिक्कों की माला से प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया।



## महिलाओं को आत्मनिर्भर और युवा उद्यमियों को बढ़ावा देने की योजना

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के स्वावलंबन समिति द्वारा सदस्यों के बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही गई। योजना के अंतर्गत बेटियों के अभिभावकों के व्यवसाय के प्रति नजरिए में बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा। स्वावलंबन समिति की प्रमुख शताब्दी पांडेय ने बताया कि समाज की महिलाओं को व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। वहीं साल 2047 के विकसित भारत की दृष्टि से स्कूली विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित किया जाएगा। जीएसटी, दस्तावेजीकरण, कानून व्यवस्था, सरकारी योजनाओं का युवा उद्यमियों के लिए लाभ के दृष्टिकोण से विशेषज्ञों के मार्गदर्शन सत्र का भी आयोजित किए जाएगा।

### अभिनव वाचक स्पर्धा का आयोजन

*मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर द्वारा आयोजित अभिनव वाचक प्रतियोगिता के लिए इस वर्ष 'कर हर मैदान फतेह' पुस्तक का चयन किया गया है। 25 जून को दोपहर 3 बजे से चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल कार्यालय में उक्त पुस्तक उपलब्ध होगी। मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में 17 अगस्त को सुबह 11 बजे से परीक्षा का आयोजन किया जाना है, इसमें महाराष्ट्र मंडल भी परीक्षा केंद्रों में शामिल है। अभिनव वाचक प्रतियोगिता में मराठी में कोई लेखन नहीं है, पुस्तक से केवल वैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थियों को केवल चार उत्तरों में से सही उत्तर पर निशान या गोला लगाना है।*

# चातुर्मास में विद्यार्थियों के लिए भी विशेष प्रवचन, मिलेंगे संस्कार-नैतिक शिक्षा के संदेश

**आज होगी प्रवेश शोभायात्रा**







**रायपुर।** भावोल्लास चातुर्मास समिति द्वारा आयोजित प्रवेश शोभायात्रा की तैयारियां श्रद्धा और उल्लास के साथ जोर-शोर से चल रही हैं। यह शोभायात्रा 27 जून को सुबह 7.30 बजे तिरुपति अपार्टमेंट से प्रारंभ होकर विमलनाथ जैन मंदिर में संपन्न होगी।

आयोजन को लेकर जैन समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अनुसार, आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए समाज के सभी वर्ग सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इस दौरान मृत्युंजय तप और शत्रुंजय तप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक तपस्वी हिस्सा लेंगे। यह तप आयोजन समाज के धार्मिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाएगा। साथ ही विद्यार्थियों और बच्चों के लिए विशेष प्रवचनों का आयोजन होगा, जिनमें शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। बच्चों में इस आयोजन को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है।

### महिला मंडलों में विशेष उत्साह

*आगामी चातुर्मास को लेकर महिला मंडलों में भी जबरदस्त उत्साह है। भैरव सोसायटी में आयोजित होने वाले चातुर्मास की तैयारियों में विमला महिला मंडल की हर्षिता टटिया व ममता सुराना, सीमांधर महिला मंडल की मंजू कोठारी, नेहा श्रीश्रीमाल भैरव महिला मंडल की दीपाली बरलोटा, आम्रपाली महिला मंडल से ज्योति कोचर सहित अन्य महिला मंडल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। महिला मंडलों का उत्साह इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगाने का कार्य कर रहा है।*



सिटी स्पोर्ट्स

## बीसीए खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए मिलेगा कॉलेज का मैदान



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की वार्षिक आमसभा रविवार 22 जून को एक होटल में आयोजित की गई। शुरुआत में बीसीएके कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024- 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि सचिव एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीमों ने वर्ष 2024- 25 में अच्छा प्रदर्शन किया। संघ के उपाध्यक्ष एवं सीसीपीएल सीजन-2 के चेयरमैन प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने सीसीपीएल सीजन -2 के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं बीसीए के एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स ने भिलाई फ्रेंचाइजी की टीम के सीसीपीएल में भाग लेने हेतु सुझाव दिए। जिस पर प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने कहा कि मैं इस हेतु प्रयासरत रहूंगा। बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने सभी आयु समूह के प्रशिक्षकों एवं मैनेजमेंट टीम एवं सभी सदस्यों को निरंतर सहयोग करने हेतु धन्यवाद दिया एवं आगामी दो वर्षों में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की सभी आयु वर्ग टीम के अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त की। उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने बताया कि कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्राउंड एवं बॉलिंग मशीन भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने सचिव के प्रयासों की सराहना की एवं आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन कर ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। अंत में सभी सदस्यों ने भिलाई में क्रिकेट के स्तर को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने संयुक्त रूप से प्रयास का संकल्प लिया। संचालन भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने किया। सभा में संयुक्त सचिव एन अभिलाष, स्वामीनाथ और बिभाष सिन्हा सहित भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

## अंडर-19 क्रिकेट के लिए सीएससीएस की टीम बनीं, धनंजय कप्तान



**भिलाई।** पुडुचेरी में 1 जुलाई से 17 जुलाई तक आयोजित अंडर-19 इंटर स्टेट दो दिवसीय अभ्यास मैचो की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेन्स अंडर-19 की टीम भी भाग लेगी। इन अभ्यास मैचों की श्रृंखला में गोवा, केरल, बंगाल, पुडुचेरी, हिमाचल प्रदेश की टीमें भाग ले रही हैं। इन अभ्यास मैचों की श्रृंखला में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ की टीम की घोषणा कर दी गई है जिसमें बीएसपी के अभिषेक शुक्ला एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के दिवाकर ताम्रकार का चयन किया गया है टीम के कप्तान बिलासपुर के धनंजय नायक बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ की टीम 1एवं 2 जुलाई को गोवा के विरुद्ध 4 एवं 5जुलाई को केरल के विरुद्ध 7 एवं 8 जुलाई को बंगाल के विरुद्ध 10 एवं 11 जुलाई को पुडुचेरी के विरुद्ध एवं 13 एवं 14 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध मैच खेलेगी लीग मैचो के पश्चात पहले एवं दूसरे स्थान पर रहने वाले टीम के मध्य फाइनल 16एवं 17 जुलाई को खेला जाएगा।

## एशियन यूथ टेबल टेनिस ताशकंद में, विनय होंगे निर्णायक



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर विनय बैसवाड़े का चयन 26 जून से 02 जुलाई तक ताशकंद में आयोजित 29वीं एशियन यूथ टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु किया गया है। इसके पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टेकनीकल ऑफिशियल के रुप में भाग ले चुके हैं। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं खिलाड़ी हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला व अन्य ने हर्ष जताया है।

## वूमेंस अंडर- 19 क्रिकेट आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से वूमेंस अंडर- 19 एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन कल 25 जून से 30 जून तक किया जा रहा है। 25 जून को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में ईस्ट जोन एवं वेस्ट जोन तथा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में नॉर्थ एवं साउथ जोन के मध्य खेला जाएगा।

### 'पॉश्चर' खराब होने से पड़ सकती है जान जोखिम में

# गलत बैठने और चलने से बचना होगा हर हाल में आपको हो सकती है कई गंभीर शारीरिक समस्याएं



अक्सर लोग अपने ऑफिस या वर्कप्लेस पर गलत पॉश्चर (मुद्रा) में बैठकर काम करते हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि इससे सिर्फ उनका अपियरेंस (दिखावट) प्रभावित होगा, लेकिन ये कई गंभीर बीमारियों का कारण भी हो सकता है। आइए, इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। आज की आधुनिक जीवनशैली में, जहां घंटों कंप्यूटर या स्मार्टफोन के सामने गर्दन झुकाकर स्क्रीन पर लंबे समय तक देखने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में 'पॉश्चर' यानी हमारे शरीर की मुद्रा का बिगड़ना एक आम समस्या बन गई है। अधिकतर लोग इसे सिर्फ सौंदर्य या आत्मविश्वास से जोड़कर देखते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गलत पॉश्चर सिर्फ आपकी चाल या बैठने के तरीके को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह कई गंभीर शारीरिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठना, खड़े होने या चलने से हमारे मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर अत्यधिक दबाव पड़ता है जिससे मांसपेशियों में दर्द होता है।





### पीठ और गर्दन में दर्द

लंबे समय तक झुककर बैठना जैसे लैपटॉप या फोन का उपयोग करने से रीढ़ और गर्दन पर दबाव डालता है। इससे लोअर बैक पेन, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस और मांसपेशियों में तनाव होता है। जर्नल ऑफ फिजिकल थेरेपी साइंस के अनुसार, ज्यादातर लोग गलत पॉश्चर के कारण पीठ दर्द से पीड़ित हैं। इसलिए हर 30 मिनट में सीधे बैठें और स्ट्रेच करें। कुर्सी पर रीढ़ को सहारा देने वाला तकिया रखें। गर्दन को सीधा रखकर स्क्रीन को आंखों के लेवल पर सेट करें।

### रीढ़ की हड्डी में विकृति

गलत पॉश्चर, जैसे कूबड़ निकलना (**Kyphosis**) या रीढ़ का टेढ़ापन (**Scoliosis**), हड्डियों और जोड़ों की संरचना को नुकसान पहुंचाता है। यह विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में ज्यादा देखा जाता है, जो लंबे समय तक झुककर पढ़ते या गेम खेलते हैं। इससे बचने के लिए योग और पिलाटे जैसे व्यायाम रीढ़ को मजबूत करते हैं। तैराकी या बैक स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करें। बच्चों को सही पॉश्चर की आदत डालें।

### बचाव के उपाय

खराब पॉश्चर से बचना चाहते हैं? कुछ आसान उपाय आपकी मदद कर सकते हैं! ऑफिस में एर्गोनॉमिक कुर्सी और डेस्क चुनें, और स्क्रीन को आंखों के लेवल पर रखें ताकि आपकी रीढ़ पर जोर न पड़े। रोजाना 20-30 मिनट स्ट्रेचिंग करें या कैट-काउ और चाइल्ड पोज जैसे योग आसनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

### पाचन और श्वसन समस्याएं

झुककर बैठने से फेफड़े और पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ और पाचन संबंधी समस्याएं, जैसे एसिड रिफ्लक्स या कब्ज, हो सकती हैं। गलत पॉश्चर फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। इसलिए सीधे बैठें ताकि फेफड़े पूरी तरह खुल सकें। खाने के बाद 10 मिनट टहलें। गहरी सांस लेने की प्रैक्टिस करें।

## अंशुमान-आयुष की जोड़ी अंतर संस्थान युगल लीग टेटे में बनीं विजेता



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में 18 से 22 जून तक किया गया। जिसमें युगल वर्ग में अंशुमान शर्मा एवं आयुष शर्मा (एचीवर्स एकेडमी) की जोड़ी विजेता बनीं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की सह सचिव वृंदा तांबे थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की। मंच पर संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं सचिव विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया।

प्रतियोगिता के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में युगल वर्ग में विजेता–अंशुमान शर्मा एवं आयुष शर्मा (एचीवर्स एकेडमी), उपविजेता- सागर दासगुप्ता (सुभाष स्टेडियम सेंटर) एवं गजेंद्र सिंह चौहान (एस एकेडमी) 2-1,तृतीय – शैलेष डागा (अमूल डिस्ट्रीब्यूटर) एवं परिवेश मिश्रा (प्रकाश एग्री फार्म्स) चतुर्थ – किशोर जादवानी एवं कल्पेश जादवानी (कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) शामिल हैं। उपरोक्त तीनों के अतिरिक्त अरविंद कुमार शर्मा एवं गिरिराज बागड़ी, राजेश लुनिया एवं मंदार कुलकर्णी की जोड़ी ने सुपर लीग में क्रमशः पांचवा एवं छठवां स्थान प्राप्त किया। सुपर लीग में कुल 12 युगल जोड़ी ने प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय अंपायर नागेश्वर साहू थे। इस अवसर श्री पी।एन। मजूमदार, अजीत बेनर्जी, भारत पारेख, सुरेश सादीजा, प्रदीप दासगुप्ता डॉ। अविनाश इंग्ले, सुश्री दिव्या आमदे, राकेश यादव, जेएम राठौर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## करेले की सब्जी कड़वी हो गई तो अपनाएं ये नुस्खे



अगर करेले की सब्जी पसंद करते हैं लेकिन कड़वापन सहित कुछ न कुछ गलती रह जाती है तो आपको इन टिप्स के बारे में जानना चाहिए, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।

### लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

### बीजों को हटाएं

करेले के बीजों में काफी कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में आप करेला काटते वक्त इसके बीजों को निकाल दें। बीज निकालने के बाद इसका कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।

### सही से छीलें

करेलों को बनाने से पहले उसे से छील जरूर लें। ऐसा करने से इसका कड़वापन कम हो जाएगा। करेले के छिलके में ही सबसे ज्यादा कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में इसका मोटा छिलका उतार लें। आप चाहें तो इसे धूप में सुखाकर भरवां करेला बनाते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दही कम करेगा कड़वापन

अगर आप करेला बनाने से पहले एक घंटे तक उसे दही में भिगो कर रखेंगे तो इससे भी करेले का कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।



## बेहतर प्रशिक्षण के लिए अकादमी में बढ़ाएंगे खिलाड़ियों की सुविधाएं

**रायपुर।** संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनुजा सलाम ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में नवीन प्रवेशित खिलाड़ियों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। आवासीय बालक एवं बालिका तीरंदाजी अकादमी, आवासीय बालक एवं बालिका हॉकी अकादमी, एथलीट बालक बालिका आवासीय अकादमी एवं फुटबॉल बालिका आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों को उन्होंने नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने राज्य स्तरीय खेल अकादमी रायपुर के नव प्रवेशित खिलाड़ियों से की मुलाकात

उल्लेखनीय है कि इस सत्र से फुटबॉल बालिका आवासीय अकादमी, एथलीट बालक बालिका आवासीय अकादमी एवं हॉकी आवासीय अकादमी नवीन स्वरूप में प्रारंभ हो रही है। पूर्व से तीरंदाजी बालक बालिका एवं हॉकी बालिका एकेडमी भी संचालित है ।

राज्य स्तरीय खेल अकादमी रायपुर में विशेष अभियान के तहत बस्तर संभाग के खिलाड़ियों की



भागीदारी बढ़ी है। बस्तर संभाग के नवीन प्रवेशित खिलाड़ियों को संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने खेलो में बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया तथा खिलाड़ियों के साथ ही स्वल्पाहार किया। श्रीमती तनुजा सलाम ने बताया कि नए सत्र से अकादमी में नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि अकादमी के खिलाड़ियों को खेलों के साथ साथ बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा सके। खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, स्कूल ऐडमिशन, खेल परिधान, उच्च स्तरीय आधुनिक खेल प्रशिक्षण, खेल उपकरण,जिम एवं मनोरंजन की सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। इस अवसर पर संचालक खेल एवं युवा कल्याण के साथ खेल अधिकारी श्री गिरीश शुक्ला, वरिष्ठ प्रशिक्षक श्रीमती सरिता कुजूर, तीरंदाजी खेल प्रशिक्षक कुमारी दुर्गेश नंदिनी उपस्थित रहे।

## पिकलबाल चैम्पियनशिप लीग का ऑक्शन हुआ राजधानी में



**रायपुर।** अचिवर्स स्पोर्ट्स एवं फिट्नेस अकादमी द्वारा पिकल बाल चेम्पियनशिप लीग का ऑक्शन वीआईपी क्लब में हुआ। लीग मे कूल 6 टीमे भाग लेंगे। टूर्नामेट के आयोजक अंशुमन शर्मा, आयुश शर्मा, हेनरी सेंटियागो एवं रोहीन सेंटियागोहै। ऑल इंडिया पिकलबाल एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त लीग मे कुल 60 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह टूर्नामेट 28 एवं 29 जून को डीडी नगर मे खेली जायेगी। टूर्नामेट मे विजेता टीम को 1 लाख की राशी एवं उपविजेता को 50 हज़ार की राशि दी जाएगी। ऑक्शन के अवसर पर सीजीपीए के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाये दिए है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कंफर्टर दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 24 वर्षों बाद एक साथ नजर आए टॉम क्रूज और ब्रैड पिट



हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने लंदन में ब्रैड पिट की आगामी स्पोर्ट्स-ड्रामा 'एफ1' के प्रीमियर में भाग लेकर सभी को चौंका दिया। कहा जा रहा है कि दोनों 24 साल बाद एक साथ नजर आ रहे हैं, इसकी तस्वीरें टॉम क्रूज ने अपने सोशल मीडिया पर साझा की है, जो तेजी से वायरल हो रही है। इन्हें साथ में देख नेटिजंस भी काफी उत्साहित दिख रहे हैं। हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। आपको बताते चलें कि दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि एक शानदार मूवी नाइट रहा दोस्तों के साथ। इन तस्वीरों में दोनों बेहद डैशिंग अंदाज में नजर आ रहे हैं। टॉम क्रूज और ब्रैड पिट की साथ में तस्वीरें वायरल होते ही नेटिजंस के गजब-गजब रिएक्शंस आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दोनों को साथ में एक फिल्म बनानी चाहिए। वहीं दूसरे यूजर ने पूछा की क्या ये दोनों एक साथ फिल्म करने वाले हैं? इसके अलावा एक अन्य यूजर ने बोला कि सिनेमा की दुनिया के दो दिग्गज सितारे। ब्रैड पिट अभिनीत 'एफ 1' एक स्पोर्ट्स ड्राम फिल्म हैं, जो 25 जून का सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टॉलीवुड

### ड्रग मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया श्रीकांत को, कोकीन खरीदने का लगा आरोप



तमिल सिनेमा के अभिनेता श्रीकांत एक कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पुलिस ने अभिनेता को तकरीबन आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जहां वो 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। श्रीकांत पर ये कार्रवाई ड्रग्स से जुड़े एक मामले में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकांत के ब्लड सैंपल किलपौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल टेस्ट के लिए एकत्र किए गए थे। जिसके बाद जांच में अभिनेता के शरीर में नशीले पदार्थ की मौजूदगी की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद सोमवार रात को श्रीकांत को एग्मोर स्थित 14वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर ले जाया गया और रिमांड पर लिया गया। अब उन्हें 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पूर्व एआईएडीएमके पदाधिकारी टी प्रसाद को हिरासत में लिए जाने के बाद सोमवार को नुंगमबक्कम पुलिस थाने में अभिनेता से पूछताछ की गई। पुलिस को शक है कि प्रसाद ने 46 वर्षीय श्रीकांत और एक अन्य अभिनेता को कोकीन की आपूर्ति की है। इस पूरे मामले में जांच के बाद अब ये कदम उठाया गया है। पिछले सप्ताह नुंगमबक्कम पुलिस ने सलेम के प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया था और उससे मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने घाना के जॉन नामक व्यक्ति को राज्य के होसुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 11 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया। श्रीकांत के करियर की बात करें तो वो पिछले 26 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। उन्होंने साल 1999 में टीवी शो जन्नाल – मरबू कविथैगल से अपना करियर शुरू किया था। श्रीकांत ने काना कंडेन, ओरु नाल कनवु, बाम्बारा कन्नले, मनासेल्लम, वर्णजलम, मर्करी पूक्कल, ईस्ट कोस्ट रोड, पू, सथुरंगम और नानबन जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

## भोजपुरी

### पवन के घर में हुई चोरी, लाखों की ज्वैलरी कैश और सामान उड़ा ले गए चोर



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह के आरा (बिहार) स्थित घर पर 15 लाख रुपयों की चोरी हो गई है। घटना रविवार, 23 जून की रात को हुई। चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसे और करीब 15 लाख रुपये की ज्वेलरी, 30 राइफल की गोलियां और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। यह चोरी एक्टर के आरा के मझौंवा वार्ड नंबर 5 में उनके दूसरे घर में हुई। उस समय घर में पवन सिंह के सास-ससुर (कलावती देवी और सुनील कुमार सिंह) मौजूद थे, जो दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला, तो सुनील ने बाहर जाकर देखा कि खिड़की को पेचकस से तोड़ा गया था। पवन सिंह के घर पर हुई इस 15 लाख रुपयों की चोरी की वारदात की FIR पुलिस थाने में दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस में शिकायत पवन सिंह के भाई रानू सिंह ने कराई है। यह FIR नगर थाना में दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि चोर राइफल नहीं ले जा सके, जो गनीमत रही। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच रही है। चोरी में चोरों ने 15 लाख रुपये की ज्वेलरी चुराई, जिसमें दो कंगन, लक्ष्मी चैन, नवाबी चैन, मंगलसूत्र, दो सिकड़ी, दो अंगूठी और चार जोड़ी छागल शामिल हैं। घर में पवन सिंह का स्टूडियो भी है, लेकिन चोर वहां नहीं पहुंचे। पुलिस की कार्रवाई पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और जल्द ही चोरों को पकड़ने की उम्मीद है।

# लाइफ स्टाइल

## आउटडोर शो



आमतौर पर फैशन शो इनडोर ही होते आए हैं। दुनिया भर के प्रतिष्ठित फैशन शो के लिए आम तौर पर आउटडोर आयोजन की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, न्यूयार्क फैशन वीक के एक हिस्से के तौर पर पिछले दिनों आउटडोर शो हुआ। जिसमें दुनिया भर के कई नई नामी-गिरामी डिजाइनरों ने हिस्सा लिया।

## गुलाब ही नहीं, इस फूल के इस्तेमाल से भी दमकेगी त्वचा, बालों में आएगी नई जान

चेहरे को निखारने या फेस पैक में मिलाने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल तो लगभग सभी करते हैं। यहीं नही गुलाब के तेल से चेहरे को नई कांति मिलती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केवल गुलाब ही नहीं बल्कि लाल गुड़हल के फूल से भी चेहरे और बालों की सुंदरता को निखारा जा सकता है।

### त्वचा की झुर्रियों को मिटाने में मददगार

गुड़हल की पत्तियों में एंटी एजिंग गुण होता है जो त्वचा में आने वाली झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। इसकी पत्तियों में फ्री रेडिकल्स को हटाने की क्षमता होती है जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। जिससे स्किन जवां नजर आती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

गुड़हल की पंखुड़ियों को उबालकर अच्छे से पीस लें। अब इसमें शहद मिलाकर पेस्ट बना लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लेप की तरह लगाकर छोड़ दें। 15 से 20 मिनट बाद ठंडे पानी से धोकर चेहरा साफ कर लें। कुछ ही दिनों में आपको बेदाग गोरापन और रिंकल फ्री त्वचा मिलेगी।

### बालों के लिए है फायदेमंद

गुड़हल के फूल से बालों की देखभाल की जा सकती है। बाजार में कई सारे शैंपू आते हैं जिसमें गुड़हल के फूल का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन आप घर पर बने तेल की मदद से लंबे और घने बाल पा सकती हैं। तो चलिए जानें इसे बनाने का तरीका।



### ऐसे बनाएं बालों के लिए गुड़हल का पैक

लंबे और घने बालों के लिए गुड़हल की पंखुड़ियों से बनाए पैक की मदद ली जा सकती है। इस पैक को बनाने का तरीका शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने बताया था। दो गुड़हल के फूल और सात से आठ पत्तियों को लेकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। इसके बाद एक पैन में नारियल का तेल गर्म कर उसमें इस पेस्ट को मिला दें। साथ ही इस पेस्ट में एक चम्मच मेथी के दाने, आंवले का पाउडर, करी पत्ता की आठ से दस पत्तियां मिला लें। नारियल के तेल में मिलाकर इन सबको एक उबाल आने तक पकाएं। इसे ठंडा कर लें।

## कुछ खास है कुर्ती के डिजाइन, ऑफिस ही नहीं, कॉलेज में पहनने के लिए भी है बेस्ट



लंबी हाइट वाली लड़कियां हमेशा अपने आउटफिट को लेकर कंफ्यूज करती है। ऐसे में अगर आपकी हाइट भी लंबी है और आप पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट लोग कुर्ती सेट बताएंगे, जिसे आप पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती

अगर आपकी हाइट लंबी है और आप भी अपनी लंबी हाइट के हिसाब से खूबसूरत आउटफिट देख रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इस खूबसूरत कुर्ती को पहनकर किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह की कुर्ती को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेट

आप चाहे तो ऐसी कुर्ती को भी अपने बाकी आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं। इस तरह का फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेटलंबी लड़कियों के लिए बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी कुर्ती को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। आप इस तरह की कुर्ती को अपने ऑफिस या कॉलेज में पहनकर जा सकती हैं।

### मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती

यही नहीं अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए भी आप इस खूबसूरत मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती न सिर्फ आपके लुक को एलिगेंट टच देगी, बल्कि इसे पहनकर आप कंफर्टेबल महसूस कर सकती हैं। आपको इस तरह की कुर्ती नजदीकी बाजार में मिलेगी या आप इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

## बेटी या बहू को कन्यादान में दें सोने की नथ, खुश हो जाएगी बच्चियां


ऋअधिकतर महिलाएं अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी जरूर बनवाती है। ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहू को गिफ्ट में गोल्ड ज्वेलरी देने का सोच रही हैं, तो अब आपको कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं हैं। ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको ऐसी गोल्ड नथ डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिसे देखते ही आपकी बच्ची खुश हो जाएगी।

### फ्लोरल डिजाइन नथ

सोने के भाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में हर मां चाहती है, कि सोने का भाव बढे उससे पहले ही अपनी बेटी और बहु को सोने की ज्वेलरी गिफ्ट दे दें। अब आप अपनी बेटी को इस तरह की खूबसूरत सोने की फ्लोरल डिजाइन नथतोहफे में दे सकती हैं। ऐसी नथ डिजाइन उनके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा देगी। आप इस तरह की नथ डिजाइन को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन

अगर आप इन्वेस्टमेंट के तौर पर अपनी बेटी या बहू के लिए गोल्ड की ज्वेलरी बनाने का सोच



रही हैं, तो आप उन्हें इस तरह की खूबसूरत फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस नथ की डिजाइन इतनी खूबसूरत है, की घर में मौजूद हर कोई इस नथ की तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। इस तरह की नथ को आप सुनार के यहां बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। यही नहीं अगर आप गोल्ड नथ बनवा कर अपनी बेटी या बहु को देने वाली हैं, तो इस तरह की खूबसूरत लीफ डिजाइन नथ उनके लिए बेस्ट हो सकती हैं।

## नाइट पार्टी के लिए खुद को ऐसे करें तैयार

आजकल की युवा पीढ़ी अपनी व्यस्त जीवनशैली में दोस्तों और अपनों के साथ समय बिताने के लिए पार्टी करना काफी पसंद करती है। ऐसे में आजकल नाइट पार्टी का चलन युवाओं के बीच काफी बढ़ गया है। पार्टी में सिर्फ अपनों से मिलना ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और यादों के पिटारे में कैद करने के लिए कई सारी तस्वीरें खींचने का भी मौका मिलता है, जिसके लिए सही लुक का होना काफी जरूरी होता है। इसी कड़ी में आपको सही नाइट पार्टी लुक के लिए कुछ अच्छे मेकअप प्रोडक्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इन चीजों के साथ आप तरह-तरह का मेकअप लुक ले सकती हैं और खुद को हर तरह की पार्टी के लिए तैयार कर सकती हैं। यहां आपको कुछ ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की जानकारी भी मिल जाएगी जिनका इस्तेमाल रात की पार्टी के लिए काफी प्यारा लुक लेने के लिए किया जा सकता है। आपके ब्यूटी बास्केट का अहम हिस्सा बनते हुए ये प्रोडक्ट्स सिर्फ रात की पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि अलग-अलग अवसरों पर भी प्यारा लुक देने में मदद करेंगे।



**किन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करके सही नाइट पार्टी लुक लिया जा सकता है?**

रात की पार्टी के लिए अगर आपको एक आकर्षक और शानदार लुक चाहिए तो आप सीमित चीजों का इस्तेमाल करके ही मनचाहा लुक पा सकती हैं। सही बेस के लिए आपको अच्छे प्राइमर, फाउंडेशन, कंसलीर और पाउडर की जरूरत होगी। उसके बाद आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग के आईशैडो, लाइनर, काजल और मस्कारा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनके साथ आप मनचाहा आई मेकअप कर सकती हैं और पार्टी के लिए खुद को तैयार कर सकती हैं। अपने होंठों को आकर्षक दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग की लिपस्टिक, लाइनर और ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने मेकअप और कपड़ों के हिसाब से सही लिपस्टिक रंग का चुनाव कर सकती हैं। अपने पार्टी मेकअप को पूरा करने के लिए सही ब्लश और हाईलाइटर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इनकी मदद से आप साधारण से लेकर बोल्ड हर तरह का मेकअप लुक ले सकती हैं।

# कार्नर न्यूज

## मानसून की बेला में अपनी स्टाइल न भूलें

## मौसम चाहे कोई भी हो, रहना है स्टाइलिश तो ड्रेस के साथ-साथ इन पर भी दें ध्यान

स्टाइलिश दिखने के मामले में भला कौन पीछे रहना पसंद करेगा? खासकर जब मौका त्यौहार, शादी या पार्टी का हो। इन मौकों पर खुद को पीछे रखना सही नहीं है। ऐसे खास दिन अपने स्टाइल को बनाए रखिए, अगर सबकी नजर में हीरो बने रहना है।

हां, इन खास दिनों में ऐसी ड्रेस पहनें ताकि देखकर लोग बोले- ₹वाह क्या लग रहे हो। नजर न लगे किसी की।₹ एकदम ऐसा ही दिखना चाहिए, तभी तो बात बनेगी। क्योंकि एक बात तो पक्की है इन खास दिनों में अपने फैशन का जलवा कम नहीं होने देना है। इसलिए मेंस फैशन में खुद को भी कुछ अलग ढंग से तरह से संवारना है। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। ये काम तो चुटकी में हो जाएगा बस कुछेक बातों का ख्याल रखना होगा।



### त्यौहार,शादी या पार्टी पर क्या पहनना सही होगा?

.त्यौहार,शादी या पार्टी के मौके पर किस तरह की ड्रेस पहनें? कैसे कपड़े पहनने चाहिए और कैसे नहीं? इस तरह के तमाम सवाल आपके मन में आ रहे होंगे या आ सकते हैं। इन सवालों से डरें या घबराएं नहीं, क्योंकि इनके जवाब हैं जिसकी मदद से कपड़े चुनने में आसानी होगी।

### ऐसे चुनें खास मौके के लिए कपड़े

.त्यौहार,शादी या पार्टी के लिए कपड़ा चुनना बहुत मुश्किल काम नहीं है। पहले याद करें, कि पिछली बार खास मौके पर क्या पहना था? अगर आपको याद है तो दिक्कत नहीं। हमारी सलाह मानकर पिछली बार से कुछ अलग पहनने की योजना बनाएं।

### एथनिक या कैजुअल ड्रेस में से कोई एक चुनें

हम लोग पर्व-त्योहार के मौके पर कुर्ता पहनना पसंद करते हैं। ऐसा करने वालों की संख्या अधिक है, क्योंकि इस दिन शॉर्ट या लॉन्ग कुर्ता अधिक लोग पहने दिखते हैं। अगर आपने पिछली बार एथनिक ड्रेस पहनी थी, तो इस बार टी-शर्ट या शर्ट पहनें।



### मैचिंग के हिसाब से कपड़े पहनें

अगर एथनिक या कैजुअल ड्रेस को चुनने में दिक्कत हो रही है, तो इस हिसाब से कपड़े चुनें। चाहें तो अपने लोगों के साथ मैचिंग वाली ड्रेस पहनें। आप अपनों के लिए एक ऐसी टी-शर्ट मंगाकर पहनें। इस तरह की मैचिंग वाली टी-शर्ट आसानी से मिल जाती हैं। आप मैचिंग के लिए एक कलर से मिलती-जुलती ड्रेस का सिलेक्शन भी कर सकते हैं। इस तरह से ड्रेसिंग करने पर फोटो भी सही आएगी।

### कपड़े की फिटिंग का रखें ध्यान

.त्यौहार,शादी या पार्टी के मौके पर तैयार होते वक्त आपको फिटिंग भी ध्यान रखना होगा। कई लोग सोचते हैं कि नई ड्रेस जैसी भी हो अच्छी दिखेगी। जबकि ऐसा नहीं होता है। आपको खास मौके पर पहनी जाने वाली ड्रेस की फिटिंग का ध्यान रखना चाहिए।